भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta
/jagrukjantanews
jagruk_janta

जयपुर, 12 जुलाई - 18 जुलाई, 2023

श्रावण, पक्ष - शुक्ल, तिथि - दशमी , संवत 2080 | पृष्ठ : 8+2 | बुधवार | वर्ष-9, अंक-20 | मूल्य ₹ 5/- | वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-




डबल इंजन सरकार जो नहीं कर पाई वो हमारी सिंगल इंजन सरकार ने कर दिया

## मैं जितना दर्द सह रहा हूं, उतना ही सेवा का विश्वास मजबूत-गहलोत

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सीएम अशोक गहलोत ने इसी महीने से 90 लाख से ज्यादा परिवारों को फ्री राशन किट देने की शुरुआत करने की घोषणा की है। सीएम गहलोत ने कहा- इस महीने 20-25 तारीख से हम फ्री राशन किट बांटने की कोशिश कर रहे हैं। इसी महीने से राशन किट मिलने शुरू हो जाएंगे। हम एक करोड़ 35 लाख महिलाओं को फ्री स्मार्टफोन देंगे। पहले फेज में इसी महीने से 40 लाख महिलाओं को पांच-सात हजार रुपए का स्मार्टफोन देंगे। गहलोत ने कहा- पहले फेज में विधवा, एकल महिला, स्कूल जाने वाली 10वीं, 12वीं की बच्चियों को पहले मोबाइल दिए जाएंगे। गहलोत 50 लाख लोगों के खातों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन का पैसा बैंक खातों में ट्रांसफर करने के मौके पर लाभार्थी संवाद समारोह में बोले रहे थे।

### डबल इंजर फेल

गहलोत ने पीएम मोदी पर कहा- दिल्ली वाले कहते हैं, हमारी सरकार डबल इंजन की सरकार है। उनका एक इंजन तो फेल हो रहा है। इंजन तो यह है हमारे यहां सिंगल इंजन की सरकार होते हुए भी हम वह काम कर रहे हैं। जो देश के अंदर डबल इंजन की सरकारी नहीं कर पा रही है। हम इतनी स्कीम्स लाए हैं। इतना विकास किया है। विधायकों ने जो मांगा है। वो दिया है। विधायकों ने कहा- कॉलेज दे दो, तहसील दे दो, एसडीओ ऑफिस दे दो, जो मांगा, मैंने दिया है। मैंने उनसे कहा- आप मांगते मांगते थक जाओगे मैं देते देते नहीं थकूंगा।

*पेज 3 भी देखें*

### जितना ज्यादा वक्त लग रहा है, उतना ही मैं मजबूत हो रहा हूँ

गहलोत ने कहा- मैं व्हीलचेयर पर चल रहा हूं। मैंने देखा है मेरे कितने भाई बहन जिंदगी भर व्हीलचेयर पर चलते हैं। जो चल नहीं पाते हैं। किसी को पोलियो हो जाता है। किसी का पैर कट जाता है। क्या-क्या नहीं होता है। उन सब को भी पेंशन मिलती है। जितना मैं अभी दर्द सह रहा हूं। इससे जिंदगी जीने का मजबूत विश्वास होता है। मुझे 10 दिन हो गए। 10-15 दिन ठीक होने में और लगेंगे। जितना ज्यादा मुझे वक्त लग रहा है। उतना ही ज्यादा मैं मजबूत हो रहा हूं कि किस प्रकार से बुजुर्गों, विधवाओं, एकल नारी की सेवा करनी है।

### भगवान ने चाहा रेस्ट करो

गहलोत ने कहा- संयोग से मेरे दोनों पैरों में एक साथ फ्रैक्चर हो गया है, जो कभी होता नहीं है। एक पैर में हो सकता है, एक हाथ में हो सकता है। डॉक्टर कहते हैं, पहला केस है। जो आपके दोनों पांव के अंगूठे में फ्रैक्चर हुआ है। नाखून उखड़ गए। एक में हड्डी के टुकड़े हो गए हैं। ऐसा कभी नहीं होता है। मुझे लगता है संयोग ऐसा बैठा है। मेरे राजस्थान भर में दौरे चल चल रहे थे। भगवान ने चाहा होगा कि यह रेस्ट करे। इसलिए लगता है मुझे फ्रैक्चर हुआ है। अगर यह फ्रैक्चर नहीं होता तो यह प्रोग्राम घर पर करने की वजह किसी हॉल में करता हॉल में करने के अलग मायने घर पर करने के अलग मायने हैं।


HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सैन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in

कहीं आप गलत तेल के शिकार तो नहीं हो रहे है ?
देसी दिल के लिये, दादी वाला देसी तेल...




स्वदेशी पीली सरसों का तेल है, प्राचीन, पोष्टिक एवं परखा।
- प्राचीन शीतल विधी घाणी से निर्मित।
- निर्माण विधी उच्च ताप रहित ।
- निर्माण में कोई रासायनिक प्रयोग नहीं।
- केन्सर को रोकने में लाभदायक ।*
- मधुमेह को नियंत्रित करने में लाभदायक ।
- एसीडीटी एवं गेस्टिक रोगों में मददगार ।
- रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने मे लाभदायक ।
- केवल देसी सरसों द्धारा निर्मित ।
- मोटापा घटाने में लाभदायक ।
- बालों के लिए एक उत्तम तेल ।
- ओमेगा 3 एवं ओमेगा 6 से भरपूर ।
- तीखी गंध रहित होने के कारण सभी व्यंजनों में उपयोगी ।
- अनेक औषधीय गुणों से भरपूर ।
- सभी तेलों के मुकाबले सबसे कम सेच्युरेटेड फेट्स ।*
- छः हजार वर्षों से मानव के लिए उपयोगी ।

Kabira Cold Pressed Oils are Also Available in :
Kachchi Ghani Mustard Oil (Pungent Smell)
Kachchi Ghani Groundnut Oil | Kachchi Ghani Sesame (Til) Oil

स्वस्थ जीवन के लिए कोनसा तेल उपयोग करें ?

कबीरा पीली सरसों तेल को फेक्ट्री मूल्य में लेने के लिए इस विज्ञापन एवं अपनी डिटेल्स को 90017-99117 पर व्हाट्सप करें और फ्री में लाइफ मेम्बर बनें एवं पाएं 590 रू. की चांदी की फ्रेम एवं केनवास बेग बिलकुल Free

-: Awards & Achievements :-



To Open Kabira Hand Made Exclusive Store or Other Trade Inquiries Please Contact :
MANISHANKAR OILS PVT LTD
+91 98290 50738
www.manishankaroils.in
ALSO DEALS IN KISAN, PEEURA, TILAK, HANDMADE, MURARKA, BANSI, KABIRA COLD PRESSED (EDIBLE OIL, SPICES & TEA)
GOVERNMENT OF INDIA'S NATIONAL AWARDED • GOVERNMENT OF RAJASTHAN'S UDYOG RATAN AWARDED

IEM — INSTITUTE OF ENGINEERING & MANAGEMENT — Good Education, Good Jobs
UNIVERSITY OF ENGINEERING AND MANAGEMENT
IEM | UEM Group Jaipur and Kolkata
UEM — UNIVERSITY OF ENGINEERING & MANAGEMENT — Good Education, Good Jobs

Jaipur Campus: 'Gurukul', Udaipuria Mod, 6kms. from Chomu on Sikar Road, Jaipur-303807(Raj.) https://jaipur.uem.edu.in

ADMISSION HELPLINES 9887313330, 9887413330, 9887613330, 9887933330

Global Ratings | INDIA TODAY | SHALBY ACADEMY | Cambridge Assessment English Authorised Centre | AIMA | UGC | AICTE APPROVED | AIU MEMBER | NAAC ACCREDITED

Admissions Open 2023-24

**B.TECH**
**M.TECH**
Computer Science & Engineering | Electronics & Communication Engineering | Electrical Engineering | Civil Engineering | Mechanical Engineering
Artificial Intelligence (A.I.) & Machine Learning (M.L.)

**Ph.D**
Computer Science & Engineering | Electrical Engineering | Civil Engineering | Electronics & Communication Engineering | Mechanical Engineering | Management | Physics | Chemistry | Mathematics | Humanities | English |

**BBA, MBA**
**MBA Executive**
**MBA Hospital & Healthcare Management**
**BCA, MCA**
**BPT, MPT**




MORE THAN ₹ 5 CRORES WORTH SCHOLARSHIPS PROVIDED TO THE MERITORIOUS STUDENTS

MORE THAN 8000+ CERTIFICATION FROM FOREIGN UNIVERSITIES

ACADEMIC
- Industrial exposure
- Excellent classrooms and lecture theatres
- Modern Library with 24,000 + books
- Laboratories with cutting-edge technology
- Wifi Campus/Internet Labs

INFRASTRUCTURE
- Over 32 acres of lush green campus
- 300- capacity acoustically designed auditorium
- Multi Cuisine food courts, cafeteria and central mess
- Gymnasium, playground & sports facilities for healthy lifestyle

PLACEMENTS: INR 6.5 LPA Average Annual Salary | INR 72 LPA Highest Annual Salary | 1963 + | 2894 + | 550 +

FOREIGN UNIVERSITY COLLABORATIONS

IEM Group Presence in Canada | USA | Singapore | UAE | Japan | France | Nepal | Bangladesh | India - Kolkata | Delhi, Jaipur, Bangalore, Tripura, Bihar, Jharkhand, Assam

STUDY ABROAD PROGRAM



PARTICIPATE IN OFFLINE IEMJEE 2023 EXAM TO AVAIL EXCELLENT SCHOLARSHIPS

## सीएम की घोषणा पर प्लानिंग में जुटे अफसर

# रामगढ़ में आएगा बीसलपुर का पानी!


16 अगस्त 2019




19 सितम्बर 2019




25 अगस्त 2022




» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जिले के रामगढ़ बांध को बीसलपुर के पानी से भरने की मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की घोषणा के साथ ही जलदाय विभाग ने इस पर काम करना शुरू कर दिया है। इसके लिए रामगढ़ बांध से बंध गेट तक चार दशकों तक जयपुर शहर में पेयजल सप्लाई करने वाले सालों पुराने सिस्टम को भी देखा जा रहा है। इस साल बेहतर मानसून की संभावनाओं को देखत हुए जलदाय विभाग ने इंजीनियरों की राय लेना शुरू कर दिया है। बीसलपुर बांध का जल स्तर 313.32 आरएल मीटर है तथा बारिश से लगातार जल स्तर बढ़ रहा है।

### जागरूक जनता ने सोशल मीडिया पर की थी मांग

**गौरतलब** है कि वर्ष 2019 से लगातार जागरूक जनता ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बीसलपुर के व्यर्थ बहाये जाने वाले पानी को रामगढ़ बांध तक लाने की मांग करता आ रहा है। बीते वर्ष बीसलपुर बांध के लगातार छलकने के बाद काफी दिन तक 2 गेट खोलकर पानी की निकासी की गई थी।

### सीएम के निर्देशों की पालना होगी-जोशी

**जलदाय** मंत्री महेश जोशी का कहना है कि रामगढ़ बांध को भरने के लिए जो भी मुख्यमंत्री के निर्देश होंगे, उनकी पालना की जाएगी। इसको लेकर संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट ली जा रही है। ऐसे आ सकता है बांध में पानी रामगढ़ बांध का पानी पंपिंग कर पहले आमेर में बंध गेट पंप हाउस तक आता था। अब बीसलपुर का पानी बंध गेट तक आ रहा है। इंजीनियरों का तर्क है कि बंध गेट पंप हाउस पर पाइपलाइन को मिला दें तो पानी रामगढ़ बांध तक पहुंच सकता है। बीसलपुर बांध पर पानी का प्रारंभिक ट्रीटमेंट हो और बिना क्लोरीनेशन पानी बांध तक पहुंचाया जाए।

## राष्ट्रपति दौरे और जी-20 समिट की वजह से जागा निगम

# चमाचम होगा जयपुर, लापरवाही पर कार्रवाई

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित जयपुर दौरे और जी-20 समिट से पहले नगर निगम हेरिटेज जयपुर को दुल्हन की तरह सजाने की तैयारियों में जुट गया है। अगले 10 दिनों में जयपुर शहर के बदहाल फुटपाथ, बरामदों, सड़कों में बने गड्ढ़ों, डिवाइडर्स और सड़क पर बनी लोहे की रेलिंग की मरम्मत कर उन्हें दुरुस्त किया जाएगा।

वहीं शहर में जगह-जगह नजर आने वाले आवारा पशुओं को पकड़, दीवारों ओर खम्बों पर लगे बैनर पोस्टर हटाकर परकोटे की बदहाल हो चुकी दीवारों पर रंग रोगन किया जाएगा। ताकि दुनियाभर से जयपुर आने वाले मेहमानों को गंदगी का नामो-निशान नहीं दिख सके। दरअसल, 14 जुलाई को राष्टपति द्रौपदी मुर्मू जयपुर दौरे पर आ रही है। वहीं 29 से 31 जुलाई तक जयपुर में त-20 समिट का आयोजन जयपुर में किया जा रहा है। जिसमें शामिल होने के लिए दुनियाभर के अलग-अलग देशों से पॉलीटिशियंस और ब्यूरोक्रेट्स जयपुर पहुंचेंगे। ऐसे में जयपुर की बदहाल स्थिति को लेकर आला अधिकारियों की फटकार के बाद नगर निगम हेरिटेज कमिश्नर राजेंद्र सिंह शेखावत एक्टिव मोड में आ गए हैं।

उन्होंने उपायुक्त स्वास्थ्य आशीष कुमार को निर्देश दिए कि जी-20 सम्मेलन तक प्रत्येक कचरा डिपो पर एक कर्मचारी और एक हूपर तैनात रहे। ताकि कचरा डिपो समय पर उठता रहे व कचरे से बदबू नहीं फैले। वहीं, उपायुक्त सतर्कता मनीषा यादव को अस्थायी अतिक्रमण हटाने और थड़ी ठेलों को जब्त करने के बाद न छोड़ने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि राष्टपति की यात्रा और जी-20 सम्मेलन के पूरे होने तक एक भी पशु सड़क पर नजर आया। तो जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ सख्त करवाई होगी। शेखावत ने नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक में शेखावत ने कहा कि शहर की सभी सार्वजनिक इमारतों, चौराहों, मार्गों और ऐतिहासिक स्मारकों पर अंग्रेजी के साइन बोर्ड लगाए जाएं। वहीं जल महल की पाल से अस्थाई अतिक्रमण को हटाकर सौंदर्यकरण का काम किया जाए। इसके साथ ही वहा गार्ड भी तैनात रहे। ताकि कोई भी व्यक्ति गंदगी और अतिक्रमण ना कर सके। उन्होंने अधिकारियों को अगले 10 दिन छुट्टियों को भुलाकर शहर के बिगड़ी हालत दुरुस्त करने के आदेश दिए हैं।




# बायो मेडिकल वेस्ट की एप से होगी मॉनिटरिंग

## अस्पतालों में बायो मेडिकल कचरे के लिए अब बार कोडिंग पॉलिथीन, संक्रमण से बचाने, गड़बड़ी रोकने के लिए सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के निर्देश

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अस्पतालों से उठने वाले बायो मेडिकल वेस्ट व निस्तारण की मॉनिटरिंग मोबाइल एप से होगी। पॉलिथीन पर बार कोडिंग कर मोबाइल एप से जोड़ा जाएगा। जिससे चिकित्सा विभाग व पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अधिकारी ऑफिस में बैठकर मोबाइल एप के जरिए समय पर नहीं उठने वाले बायो मेडिकल कचरे, निस्तारण, गड़बड़ी और संक्रमण रोकने की मॉनिटरिंग कर सकेंगे। अस्पतालों को चालू करने से पहले राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल से ऑथोराइजेशन लेना अनिवार्य है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल व सैन्ट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के निर्देश पर अगले तीन माह में यह सुविधा प्रारंभ होगी।

### कितना खतरनाक है यह बायोमेडिकल कचरा

» खुले में पड़े बायो मेडिकल कचरे से निमोनिया, हैजा जैसी अनेक बीमारियां हो सकती है। पशुओं के खाने पर उनके शरीर में संक्रमण से उसकी मौत हो सकती है।



» अस्पतालों से निकलने वाला जैविक कचरा खतरनाक हो सकता है। इसमें बीमारियों से ग्रस्त मरीजों के उपयोग में लाए गए इंजेक्शन, सूई, आईवी सेट, कॉटन आदि होती है। कबाड़ी इस कचरे को रीसाइकिल कर बेच देते है। इनका उपयोग करने से संक्रमण के साथ लोगों की जान का खतरा बना रहता है।

» अस्पतालों से बायो मेडिकल कचरा 48 घंटे में उठ जाना चाहिए। अन्यथा जुर्माना लगाए जाने का प्रावधान है। साथ ही अस्पतालों को पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से ऑथराइजेशन प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य है।

» सब सेंटर से लेकर मेडिकल कॉलेज से जुड़े अस्पताल, पैथोलॉजी लैब, पशु चिकित्सालय, आयुर्वेदिक हॉस्पिटल, रिसर्च संस्थान, ब्लड बैंक और क्लीनिक को पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से ऑथराइजेशन करवाना अनिवार्य है।

» हकीकत प्रदेश के दस हजार में से 9200 के पास ही ऑथोराइजेशन। पिछले माह तक 170 अस्पतालों के पेंडिंग। 600 ने पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड में आवेदन ही नहीं किया

**पहले :** अस्पताल के कचरे को अलग-अलग रंगों के बैगों में डालकर उनका वजन कर कंपनी को सौंपा जाता है। मौजूदा स्थिति में मैनुअल तरीके से होता है।

**अब :** बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण व जानकारी रखने के लिए पॉलिथीन बैग पर बार कोड लगाकर मोबाइल एप से जोड़ा जाएगा।

## जयपुर हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर ने जारी किए आदेश

# भोलेनाथ के भक्तों से नहीं वसूला जाएगा पार्किंग शुल्क

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम द्वारा सावन महीने में भोलेनाथ के भक्तों को बड़ी राहत दी गई है। जयपुर के चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर जी मंदिर में दर्शन करने वाले भक्तों को अब पार्किंग शुल्क नहीं देना पड़ेगा। नगर निगम हेरिटेज प्रशासन द्वारा पार्किंग ठेकेदारों को इसके आदेश जारी कर दिए गए हैं। नगर निगम हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर ने कहा- चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर जी मंदिर जयपुरवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। पिछले दिनों कुछ भक्तों द्वारा मुझे बताया गया था कि मंदिर में दर्शन करने के लिए भी 30 रुपए पार्किंग शुल्क लिया जा रहा है। इसके बाद मैंने नगर निगम अधिकारियों से बातचीत कर सावन महीने में भक्तों के वाहनों को फ्री पार्क करने के आदेश दिए हैं। ताकि मंदिर में आने वाले भक्तों पर किसी भी तरह का आर्थिक भार नहीं पड़े। मेयर ने कहा- चौड़ा रास्ता की पार्किंग व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग के लिए रेवेन्यू ऑफिसर को नियुक्त किया गया है। जो ठेकेदारों की मॉनिटरिंग के साथ मंदिर में आने वाले भक्तों की सुविधाओं का ध्यान रखेंगे।

## बियानी कॉलेज में चेतना-2023 वर्कशॉप का आयोजन

# बेहतर राष्ट्र का निर्माण करता है शिक्षित समाज

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेजेस की ओर से "वर्कशॉप चेतना-2023 का आयोजन किया गया। छात्राओं के लिए व्यक्तित्व विकास विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप की अवधारणा बियानी कॉलेजेस के निदेशक डॉ संजय बियानी के सहयोग से बनाई गयी और इसका उपदेशक डॉ सुमेधा बाजपेई द्वारा किया गया वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थीयों में आत्मा जागरूकता को बढ़ावा देना, कृतज्ञता की भावना होना एवं जीवन की हर परिस्थिति में सकारात्मक रहना, विद्यार्थीयों में व्यक्तित्व का विकास होना एवं सपना देख रहे विद्यार्थीयों को सही मार्गदर्शन करवाना है। मानव विकास के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षित समाज एक बेहतर राष्ट का निर्माण करता है। हम न सिर्फ नौकरी पाने के लिए पढ़ाई करनी चाहिए बल्कि् आत्मा जागरूकता को बढ़ावा देना, कृतज्ञता की भावना होना एवं जीवन की हर परिस्थिति में सकारात्मक रहना भी बहुत आवश्यक है। कार्यशाला में विद्यार्थियों को बताया की आपका आभारी रवैया और सकारात्मक रहना तय करेगा की आप जिंदगी कैसे जीने जा रहे है यह आपके स्वभाव में विनम्रता लाता है। व्यक्तित्व विकास आत्मविश्वास को बढ़ाता है, इससे आपको भीड़ में एक अलग पहचान मिलती है उपदेशक डॉ सुमेधा बाजपेई कहा कि हर इंसान का अपना व्यक्तित्व होता है, यही इंसान की पहचान होती है। व्यक्ति का व्यक्तित्व विकास उसे जीवन में आने वाली बाधाओं से लड़ने में सक्षम बनाता है,व्यक्तित्व विकास के लिए हमें किताबों से बाहर जाना होगा। व्यवहारिक दुनिया में कदम रखना बहुत जरूरी है क्योंकि इसके बिना हम अपने व्यक्तित्व को कभी नहीं हटा सकते। उन्होनें छात्रों को बताया कि जीवन में आने वाले उतार चढ़ाव के लिए तैयार रहें।

# बियानी गर्ल्स कॉलेज में विदाई समारोह आयोजित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेज में फेयरवैल पार्टी आयोजित की गई। नये एवं पुराने गीतो के जरिये जूनियर छात्राओं ने अपने सीनियर्स को विदाई दी। फैयरवेल पार्टी में छात्राओं ने एक तू ही यार मेर.... दोस्ती बड़ी ही हसीं है ताल से ताल....आदि गीतों पर प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया,साथ ही अपने सीनियर्स के प्रति अपने प्यार ओर सम्मान को दर्शाते हुए उन्हे विभिन्न टाइटल्स और गिफ्ट दिए और बहुत से गेम्स खिलाकर विदाई के गमगीन माहौल को मनोरंजक व रंगीन बनाने का प्रयास किया। आभार थीम पर आयोजित फेयरवैल पार्टी में मिस फेयरवैल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें रैम्प वॉक राउण्ड, और प्रश्नोत्तरी राउण्ड आयोजित किया गया। आईटी की साक्षी शर्मा ने मिस फेयरवेल का खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम में कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी ने कहा कि लडकियों की सबसे बडी ताकत उनके इमोशन्स होते है, जिसके बल पर वह जो फैसले लेती है, हमेशा उनसे सभी का भला ही होता है, डॉ. बियानी ने छात्राओं को इमोशंस को कमजोरी नहीं बल्कि ताकत बनाने पर जोर दिया। छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि छात्राओं की सफलता में ही कॉलेज की सफलता निहित है। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ नेहा पाण्डे ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

पितृ दोष दूर करिए
पितृ मोक्ष की राह हुई आसान

16 दिन नियमित कराएं श्री गया जी में पितृ श्राद्ध



श्री गया जी में पूरे पितृ पक्ष के दौरान रहने, खाने एवं रुकने की व्यवस्था, पंडितों की दक्षिणा, 16 दिनों तक हवन, पिंडदान एवं ब्राह्मण भोजन की व्यवस्थाओं के चलते लाखों रुपए का खर्चा होता है। जिसे आम आदमी वहन नहीं कर पाता। इसलिए ऐसे लोगों के लिए **नवारुन चेरिटेबल फाउण्डेशन एवं आरना एसोसिएट** ने कम खर्चे में पितृ श्राद्ध जैसा पुण्य कार्य करवाने का बीड़ा उठाया है। प्रत्येक यजमान के साथ पिंडदान कार्य करवाने के लिए अलग से ब्राह्मण की व्यवस्था सहित इसके लिए श्राद्ध कर्म में होने वाले सम्पूर्ण व्यय का आधा खर्चा संस्था वहन करेगी। जिसमें आने-जाने का किराया भी शामिल है। ये व्यवस्था लाखों में नहीं अपितु हजारों में ही हो जाएगी।

पहले आओ, पहले पाओ संख्या सीमित है

आप सोचेंगे कि अभी तो श्राद्ध पक्ष में बहुत समय बाकी है, लेकिन ऐसा नहीं है। श्री गयाजी में अभी से तैयारियां होने लग गई हैं। इसलिए ऐनमौके पर व्यवस्था करने में कठिनाई होती है। अत: श्राद्ध कराने के इच्छुक निम्न नंबरों पर अभी से सम्पर्क कर सकते हैं :-

मो. नं. 8561088777, 9928022718, 9829118962

-: सौजन्य से :-

नवारुन चेरिटेबल फाउण्डेशन एवं आरना एसोसिएट

### 51 लाख से अधिक पेंशनरों के बैंक खातों में 1005 करोड़ 41 लाख 28750 रुपए हस्तांतरित

# सामाजिक सुरक्षा और रोजगार गारंटी पर बनाएंगे एक्ट-मुख्यमंत्री

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को प्रदेश के 51 लाख 21 हजार 969 पेंशनरों के बैंक खातों में 1005 करोड़ 41 लाख 28 हजार 750 रुपए हस्तांतरित किए। उन्होंने मुख्यमंत्री निवास पर राज्य स्तरीय सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में मई-जून माह की बढ़ी हुई पेंशन राशि (न्यूनतम 1000 रुपए) डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से भेजकर राहत पहुंचाई। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को महंगाई से राहत और उनकी सामाजिक सुरक्षा हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

गहलोत ने लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में कहा कि आमजन को न्यूनतम आय और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने में कमी नहीं रखी जाएगी। इसी भावना को लेकर राजस्थान विधानसभा के आगामी सत्र में सामाजिक सुरक्षा पेंशन और रोजगार गारंटी को लेकर एक्ट बनाएंगे। इससे प्रतिमाह न्यूनतम पेंशन राशि सहित हर वर्ष 15 प्रतिशत बढ़ोतरी सुनिश्चित की जाएगी। महात्मा गांधी नरेगा योजना और इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत राजस्थान में न्यूनतम 125 दिन का रोजगार सुनिश्चित करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन राजस्थान सरकार के सामाजिक सुरक्षा मॉडल का प्रमुख अंग है। पेंशन आपका मान-सम्मान है, इसलिए राज्य सरकार सामाजिक और आर्थिक सम्बल प्रदान करने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में देशवासियों को खाद्य सुरक्षा, सूचना, रोजगार और शिक्षा की गारंटी दी गई। अब वर्तमान केंद्र सरकार को भी पूरे देश में एक समान सामाजिक सुरक्षा कानून बनाना चाहिए, ताकि जरूरतमंदों को सहायता मिलें।



### स्मार्ट फोन इसी माह से होंगे वितरित

गहलोत ने कहा कि प्रथम चरण में 40 लाख महिलाओं को इसी माह से स्मार्ट फोन 3 साल की इंटरनेट सुविधा के साथ वितरित किए जाएंगे। इससे वे जनकल्याणकारी योजनाओं से सीधे जुड़ सकेंगी। साथ ही शीघ्र ही मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना में राशन पैकेट का वितरण भी आरम्भ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चिकित्सा, शिक्षा, रोजगार सहित हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास से राजस्थान वर्ष 2030 तक देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो जाएगा।

### लाभार्थियों से सीधा संवाद

*लाभार्थियों ने कहा, हमारी हर तकलीफ दूर की*

**खाते** में पेंशन की बढ़ी राशि आई है। पालनहार योजना में भी सहायता राशि बढने से सम्बल मिला है। सरकारी स्कूलों में सुविधाएं बढ़ने से बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल रही है। **- बबली,** अजमेर

**मेरी** जैसी जरूरतमंद महिलाओं को बढ़ाकर पेंशन दी, आपका आभार। राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं ने हर वर्ग को लाभ पहुंचाया है। **-कविता जोशी,** बारां

**राज्य** सरकार गरीबों का पालन-पोषण और उनके जीवनयापन में मदद कर रही है। राहत का यह सिलसिला आगे भी निरन्तर जारी रहेगा।
**-पवित्रा भार्गव,** टोंक

**मेरी** पेंशन बढ़कर 1000 रुपए हो गई है। पालनहार योजना में भी 1000 की जगह 1500 रुपए प्रतिमाह की सहायता मिल रही है। महंगाई राहत कैम्पों में योजनाओं के लाभ से जीवन सुगम हो गया है।
**-राकेश,** बालोतरा

**पेंशन** बढ़ने के साथ ही बेटी की शादी में राज्य सरकार की ओर से 31 हजार रुपए की सहायता मिली। इसके लिए राज्य सरकार और आपको धन्यवाद।
**- निर्मला,** अनूपगढ़

**मुख्यमंत्री** चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत बेटे का डेंगू का इलाज निशुल्क हो गया। महंगाई राहत कैम्प में 7 योजनाओं का लाभ मिला है। लाभ से बचत बढ़ेगी और राहत मिलेगी।
**-महेशी बैरवा,** गंगापुर सिटी

# 1300 से 1400 साल पुरानी चोरी से बरामद प्रतिमाओं का बनेगा संग्रहालय

### अंतरराष्ट्रीय तस्कर घीया से जब्त 800 बेशकीमती मूर्तियां जयपुर के थाने में कबाड़ की तरह पड़ी हैं

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय मूर्ति तस्कर वामन नारायण घीया के कब्जे से छुड़ाई गई 800 से अधिक बेशकीमती प्रतिमाओं का अब संग्रहालय बनाया जाएगा। ये प्रतिमाएं 1300 से 1400 साल पुरानी हैं। पुरातत्व विभाग इनका संरक्षण करेगा। विशेषज्ञों से एक-एक प्रतिमा की जांच कराएगा कि ये प्रतिमाएं कितने साल पुरानी हैं और कहां से चुराई गई थीं। प्रारंभिक तौर पर यह म्यूजियम किशनपोल बाजार स्थित विरासत संग्रहालय भवन में बनाने पर विचार चल रहा है। बता दें कि घीया वर्षों तक देश के महत्वपूर्ण सांस्कृतिक-ऐतिहासिक धरोहरों से चुराई गई मूर्तियों की तस्करी करता रहा। मामला खुला और घीया पकड़ा गया तब एक-एक कर मूर्तियां बरामद कर लाने का सिलसिला शुरू हुआ था। पुलिस ने घीया को उसके 16 साथियों के साथ गिरफ्तार किया तब बताया था कि 348 प्रतिमाएं, 73 पेंटिंग्स, 100 हथियार, 353 अन्य वस्तुएं बरामद की गई हैं। असल में 2003 में घीया को गिरफ्तार किया तब उसके घर पर भारतीय व दक्षिण-पूर्व एशियाई कला पर सोथबी और क्रिस्टी के 34 कैटलॉग मिले, जिनमें भारत की हजारों प्राचीन वस्तुओं की सूची थी। नीलामी घरों के लिए तस्करी किए टुकड़ों को चिह्नित करने के लिए घीया से कहा गया तो उसने लगभग 700 को चिह्नित किया। इनमें खजुराहो की प्रतिमाओं के टुकड़े भी शामिल थे, जिनकी कीमत तब करीब 6 करोड़ रुपए थी। वहां 1 करोड़ रु. की पेंटिंग्स भी थीं। मामले में घीया को उम्रकैद की सजा हुई थी लेकिन 2014 में उसकी यह सजा रद्द कर दी गई थी।

## डॉ. धाकड़ उल्लेखनीय चिकित्सा सेवा के लिए सम्मानित



**जयपुर।** जागरूक जनता की ओर से एसएमएस अस्पताल के सीनीयर प्रोफेसर और अस्पताल से सम्बद्ध ट्रोमा सेंटर के इंचार्ज डॉ अनुराग धाकड़ को उल्लेखनीय चिकित्सा सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र देते मुख्य संपादक शिव दयाल मिश्रा साथ मे ज्ञानेन्द्र मिश्रा।

## चारवी खण्डेलवाल को संस्कृति मंत्रालय से स्कॉलरशिप



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर की कथक नृत्यांगना चारवी खण्डेलवाल को संस्कृति मंत्रालय ने विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्ति प्रदान करने की योजना के तहत वर्ष 2021-22 के लिए छात्रवृत्ति हेतु चयनित किया है। चारवी को यह स्कॉलरशिप कथक में उच्च शिक्षा के लिए दी गई है। चारवी डॉ स्वाति अग्रवाल से विगत दस वर्षो से कथक की विधिवत शिक्षा ग्रहण कर रही हैं।इस योजना के अंतर्गत चारवी खण्डेलवाल को अगले दो वर्षो के लिए पांच हजार रुपए स्कॉलरशिप प्रदान की जाएंगी।



## महिला शिक्षा को बढ़ावा देने पर सीए राजीव बियानी को राज्यपाल मिश्र ने किया सम्मानित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** हाल ही माउंट आबू में आयोजित प्राइड ऑफ राजस्थान अवार्ड समारोह में राजस्थान में महिला शिक्षा को बढ़ावा देने एवं वेल्यू बेस्ड रोजगार परक शिक्षा प्रदान करने के लिए राजस्थान के प्रमुख कॉलेजेस में से एक बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के फाउंडर डायरेक्टर सीए राजीव बियानी एवं डॉ. संजय बियानी को राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने सम्मानित किया। डॉ. संजय बियानी ने बताया कि बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस की छात्राओं ने अपनी अकेडमिक एक्सीलेंस के बल पर ना केवल नेशनल बल्कि इंटरनेशनल लेवल पर भी प्लेसमेंट पाने का अनुठा मुकाम हासिल किया है। कॉलेज की कई छात्राएं जापान और यूएसए की प्रसिद्ध यूनिवर्सिटीज जैसे जाइस्ट, तोयामा यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ टोकियो, टेक्सास यूनिवर्सिटी में शानदार पैकेज पर कार्यरत है। डॉ. राजीव बियानी एवं अभिषेक बियानी ने बताया कि कॉलेज के स्टूडेंट्स को स्टार्ट-अप के लिए तैयार किया जा रहा है।



## सम्पादकीय

# राहुल को नहीं राहत

मानहानि के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को गुजगु रात उच्च न्यायालय से कोई राहत न मिलना जहां राष्ट्रीय राजनीति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, वहीं कांग्रेस के लिए चिंताजनक है। कांग्रेस के आला नेता को झटका देतेहुए न्यायालय ने शुक्रवार को उनकी समीक्षा याचिका खारिज कर दी और साल 2019 के मोदी उपनाम संबंधी मानहानि मामले में सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। यह ध्यान देने की बात है कि इस सजा के बाद राहुल गांधी की संसद सदस्यता चली गई और उन्हें सांसद के रूप मेंमिला सरकारी घर भी छोड़ना पड़ा। इतना ही नहीं, अगर शीर्ष अदालत से सजा पर रोक न लगी और राहुल गांधी बरी न किए गए, तो उनका आगामी चुनाव लड़ना भी मुश्किल हो जाएगा। उनकी सजा पर रोक जरूरी है, ताकि उनकी लोकसभा सदस्यता को बहाल हो सके, और आगे चुनाव लड़ने में किसी तरह की परेशानी न आए। कांग्रेस को पूरी गंभीरता से इस मुकदमे का सामना करना चाहिए। सियासत अपनी जगह है, लेकिन अदालत के मामले संविधान की रोशनी में ही सुलझाए जाते हैं। अकाट्य प्रमाणों और मजबूत दलीलों के साथ बचाव पक्ष के वकीलों को पेश होना चाहिए, ताकि सजा पर रोक लगान`में कामयाबी मिले। राहुल गांधी को राहत देनेसेइनकार करते हुए उच्च न्यायालय ने जो कहा है, वह किसी सबक सेकम नहीं है। अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ कम सेकम आठ अन्य आपराधिक मानहानि की शिकायतों का हवाला दिया है। एक मामला वीर सावरकर के पोते ने भी दायर कर रखा है। बचाव पक्ष द्वारा यह कहा जा रहा है कि बिल्कुल गैर-मौजूद सुबूत के आधार पर सजा हुई है। ठोस साक्ष्य के बिना अगर सजा हुई है, तो इसे अदालत मेंही साबित करना होगा। कहीं न कहीं, निचली अदालत मेंयह मामला सुलझ सकता था, पर वहां कांग्रेस ने संघर्ष का रास्ता अख्ति यार किया, तो उसके लिए मुश्किलें बढ़ गईं। राहुल के विरोधियों और कांग्रेस के प्रतिद्वंद्वियों ने इस फैसले का स्वागत किया है, तो आश्चर्य नहीं। देश में एक वर्गहोगा, जो चाहेगा कि राहुल गांधी को सजा हो और वह चुनावी राजनीति के अयोग्य हो जाएं। हालांकि, तार्किकता और राजनीतिक समझदारी के साथ इस मामले को देखने की जरूरत है। अगर कांग्रेस के आला नेता को अंतिम तौर पर अयोग्य ठहराया जाता है, तो इसका क्या संदेश दुनिया में जाएगा, सोच लेना चाहिए। अदालत को कहीं जवाब देनेकी जरूरत नहीं है, लेकिन देश की सियासत सेजो सवाल पूछे जाएंगे , उन पर सोच लेना चाहिए। सियासत से जुड़ा कोई भी फैसला एक परंपरा भी गढ़ता है, अतः सियासतदां को व्यापकता में समझ लेना चाहिए कि इस मामले की सियासी आंच कहां तक पहुंचेगी? कुल मिलाकर, गुजगु रात उच्च न्यायालय के आदेश का साफ संदेश है कि राहुल गांधी को फिलहाल राहत नहीं मिलेगी। अब मामला सुप्रीम कोर्ट में जाएगा और अंतिम फैसले में कुछ समय लगेगा। संदेह नहीं कि राहुल गांधी ने अपने लिए ही नहीं, कांग्रेस के लिए भी समस्याएं बढ़ा ली हैं। क्या इस मामले से तमाम नेता कोई सबक लेंगे? आज नेताओं की भाषा और व्यवहार पर समग्रता में गौर करनेकी जरूरत है। ऐसे-ऐसे सियासी बयान आतेहैंकि सिर शर्म से झुकने लगता है। अनेक नेता अपनी व्यक्तिगत खीज, गुस्गुसा, कलुष राजनीति की धारा में खुलेआम बहाने लगेहैं। बेलगाम बयानबाजी वाले तमाम नेताओं पर बगैर देरी अंकुश लगना चाहिए, ताकि स्थितियां न्यायपूर्ण व लोकतांत्रिक बनें।

**हमारे उत्साहित होने, ऊबनेया उदास होने का सीधा असर हमारे सीखने की क्षमता पर पड़ता है। यानी सीखने की इच्छा हमें सीखने को प्रोत्साहित करती है। बच्चा कुछ सीख सके, इसके लिए शिक्षक बच्चों में ध्यान व दृढ़ता पैदा करने की योजना बनाते हैं और भावनाओं व प्रेरणा को समझते व उनका प्रबंधन करतेहैं।**

# केवल ऑनलाइन पढ़ाई से नहीं चलेगा काम



संतोष शर्मा
शिक्षाविद्
@jagrukjanta.net

**शिक्षा का लक्ष्य दो तरह का ज्ञान है- 'नो-व्हाट', यानी क्या की समझ और 'नो-हाउ', यानी कैसे की समझ। 'नो-व्हाट' का अर्थपाठ्य-सामग्रियों और अवधारणाओं की समझ बनाना है, जैसे प्रायद्वीप क्या है, मुगल साम्राज्य का पतन क्यों हुआ आदि। जबकि, 'नो-हाउ' व्यावहारिक ज्ञान है कि आखिर कोई कैसे संभव हो पाता है, जैसे आप ऊंचाई कैसे मापते हैं, सर्किट कैसे बनाते हैं आदि।**

जागरूक जनता विवेचन

ऑनलाइन शिक्षा आमतौर पर उम्मीदों पर खरी क्यों नहीं उतर रही? कुछ तो इसलिए कि इससे हमारी अपेक्षाएं काफी ज्यादा हैं। अक्सर कुछ लोगों के व्यावसायिक हित हमारा भरोसा तोड़ते हैं, या फिर ऐसी तकनीकों पर एतबार भी, जिसमें सामाजिक-मानवीय पहलुओं पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता। हालांकि, जो लोग इनसे प्रभावित नहीं होते, उन्हें भी अंततः अपनी उम्मीदों और हकीकत में विशाल अंतर का एहसास होता है। आखिर ऐसा क्यों होता है? इसे समझने के लिए हमें पहले यह जानना चाहिए कि शिक्षा हैक्या और सीखना कैसे मुमकिन होता है? शिक्षा दरअसल शिक्षार्थियों में तीन प्रकार के तत्व विकसित करती है, इसीलिए यह कह सकते हैं कि शिक्षा के मूलतः तीन लक्ष्य होते हैं। पहला, क्षमता का विकास, जैसेपढ़ना, आलोचनात्मक सोच, टीम वर्क, आत्म-अनुशासन आदि। दूसरा, मूल्यों और स्वभाव का रोपण, जैसे, सहानुभूति, गैर-भेदभाव, दूसरों के प्रति सम्मान आदि। और तीसरा लक्ष्य है, ज्ञान का विस्तार, जैसे, गुणा गु -भाग, चुंबकत्व, इतिहास आदि का ज्ञान। ये तीनों लक्ष्य एक-दूसरे से जुड़े होते हैं और जिन प्रक्रियाओं के माध्यम से शिक्षार्थियों का सीखना होता है, उनको भी अलग-अलग नहीं किया जा सकता। कुछ विशिष्ट प्रकार के लक्ष्य सामाजिक संपर्क बनाने और एक-दूसरेकी संस्कृति को समझने से हासिल होते हैं। ज्यादातर मूल्य इसी तरह सीखे जाते हैं, और कई क्षमताएं भी। मगर ऑनलाइन शिक्षा के बड़े से बड़े चैंपियन भी यह दावा नहीं करतेकि यह मूल्यों व मौलिक क्षमताओं का विकास करती है।

शिक्षा का लक्ष्य दो तरह का ज्ञान है- 'नो-व्हाट', यानी क्या की समझ और 'नो-हाउ', यानी कैसे की समझ। 'नो-व्हाट' का अर्थपाठ्य-सामग्रियों और अवधारणाओं की समझ बनाना है, जैसे प्रायद्वीप क्या है, मुगल साम्राज्य का पतन क्यों हुआ आदि। जबकि, 'नो-हाउ' व्यावहारिक ज्ञान है कि आखिर कोई कैसे संभव हो पाता है, जैसे आप ऊंचाई कैसे मापते हैं, सर्किट कैसे बनाते हैं आदि। ये दोनों भी आपस में जुड़े हुए हैं। अच्छी शिक्षा बच्चों में सिर्फ 'क्या' विकसित नहीं करती, बल्कि वह 'कैसे' का भी संचार करती है। इसका कारण यह हैकि ज्ञान के रूप में उपलब्ध सामग्रियां और अवधारणाएं अथाह हैं, इसलिए हमें क्या जानना है, इसका दायरा अंतहीन है। हालांकि, कैसे की जानकारी पाकर छात्र क्या- क्या जानना चाहिए, इसका विस्तार कर सकता है। अब बात सीखने की प्रक्रिया की, तो खास लक्ष्य के साथ सीखने के लिए एक शिक्षक की आवश्यकता होती है। हालांकि, यदि छात्र जागरूक है, तो उसे 'क्या' की पाठ्य-सामग्रियों को समझने के लिए किसी शिक्षक की शायद जरूरत न पड़े, पर इस प्रक्रिया में अन्य इंसानों की सहभागिता निस्संदेह आवश्यक है। वहीं, ज्यादातर 'कैसे' को समझना बिना शिक्षक काफी कठिन है। तो, ऑनलाइन में शिक्षक ऐसा करने में असमर्थ क्यों होता है? दरअसल, किसी खास समयावधि में सीखना कुछ महत्वपूर्ण बातों पर निर्भर करता है। पहली बात, ध्यान और फोकस। यह एक अमूल्य मानसिक संसाधन है, और यदि हम ध्यान नहीं देंगे, तो हम सीख नहीं पाएंगे एं। दूसरी बात, दृढ़ता। सभी शिक्षार्थी तभी सीखने और समझने में सफल होते हैं, जब वे सफलता के लिए दृढ़ होते हैं। तीसरी, भावनात्मक स्थिति। हमारे उत्साहित होने, ऊबनेया उदास होने का सीधा असर हमारे सीखने की क्षमता पर पड़ता है। चौथी, प्रेरणा, यानी सीखने की इच्छा हमें सीखने को प्रोत्साहित करती है। बच्चा कुछ सीख सके, इसके लिए शिक्षक बच्चों में ध्यान व दृढ़ता पैदा करने की योजना बनाते हैं और भावनाओं व प्रेरणा को समझतेव उनका प्रबंधन करतेहैं। यह काम ऑनलाइन नहीं हो सकता। शिक्षकों की भौतिक उपस्थिति इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि अलग-अलग शिक्षार्थी सुनने, बात करने, देखने, अनुभव करने जैसे तरीकों से अलग-अलग सीखते हैं। इसमें सामाजिक संपर्क कारगर होता है। और, यह भी ऑनलाइन संभव नहीं है। यही कारण हैकि ऑनलाइन व्यवस्था अच्छी शिक्षा के लिए जरूरी बुनियादी जरूरतों को पूरा नहीं कर सकती, इसीलिए इसका बहुत सीमित प्रभाव पड़ता है।

*(ये लेखक के अपने विचार हैं)*



# राजनीतिक पार्टियों में आंतरिक प्रजातंत्र होना चाहिए



डॉ. रामावतार शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net



अभी हाल ही में कांग्रेस पार्टी में 25 वर्षों बाद पार्टी अध्यक्ष का चुनाव हुआ जिसमें मल्लिकार्जुन खड़गे शशि थरूर के मुकाबले अधिक मत प्राप्त कर पार्टी के अध्यक्ष चयनित हुए। इसके पहले बीजेपी के कार्यवाहक अध्यक्ष जे पी नड्डा को जनवरी 2020 में निर्विरोध अध्यक्ष बना दिया गया जैसे कि उनके पहले अमित शाह को अध्यक्ष पद प्राप्त हुआ था। नड्डा को 2022 में दो वर्ष की कार्यकाल वृद्धि फिर मिल गई परंतु यह भी बिना किसी चुनावी प्रक्रिया के हुआ। कांग्रेस पार्टी में शशि थरूर सिर्फ सांकेतिक प्रतिद्वंद्वी थे क्योंकि अध्यक्ष तो वही हो सकता था जिसे गांधी परिवार का आशीर्वाद प्राप्त था और खड़गे गांधी परिवार की ही प्रतिछाया थे। इस तरह से स्पष्ट देखा जा सकता है कि देश की दोनों राजनीतिक पार्टियों के अपने घरों में प्रजातंत्र जैसी कोई बात नहीं है और जो दो चार लोग इन पार्टियों के शिखर पर नियंत्रण बनाए हुए हैं सबकुछ उनकी मर्जी से होता है।

इन दो बड़ी राष्ट्रीय पार्टियों के अलावा देखा जाए तो वे सब निहायत व्यक्तिगत संगठन नजर आती हैं ना कि कोई प्रजातांत्रिक संरचनाएं। आम आदमी पार्टी का मतलब मात्र अरविंद केजरीवाल होता जा रहा है। समाजवादी पार्टी में अखिलेश यादव स्वयं ही पूरी पार्टी हैं। इसी तरह टीएमसी, एनसीपी, बीएसपी, वाई एस आर कांग्रेस और टीडीपी आदि पूरी तरह व्यक्ति आधारित संगठन है। उधर बीजेडी और डीएमके भी व्यक्ति या परिवार द्वारा पूर्णतः नियंत्रित पार्टियां हैं। कम्युनिस्ट पार्टियां आज के भारत में अपना महत्व खो चुकी हैं परंतु उनमें भी लोकतंत्र दिखावे मात्र का है। इस तरह से स्पष्ट होता जा रहा है रात दिन प्रजातंत्र की दुहाई देने वाले लोगों के अपने संगठन में प्रजातंत्र का नामो निशान तक नहीं है।

यह तो रही राष्ट्रीय स्तर की बात। राज्य स्तर पर तो और भी बुरे हालात हैं। राज्यों के पार्टी अध्यक्ष तो स्कूल मॉनिटर की तरह से बनाए जाते हैं। पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व दिल्ली से चार लाइनें लिख कर किसी भी अध्यक्ष को बिना किसी औपचारिक सम्मान के पद से मुक्त कर देता है। रातों रात एक व्यक्ति का राजनीतिक भविष्य धूमिल हो जाता है। इसके अलावा जिन राज्यों के मुख्यमंत्री या नेता प्रतिपक्ष ज्यादा प्रभावशाली होते हैं उन राज्यों के पार्टी अध्यक्ष तो बेचारे कठपुतलों जैसी हालातों में रहने को मजबूर हो जाते हैं। चूंकि अध्यक्ष किसी चुनाव द्वारा पद तक नहीं पहुंचा हुआ होता है तो उसका मनोबल और आत्मविश्वास सिर्फ बाहरी दिखावा मात्र होता है। अंदरूनी तौर पर हर नामित अध्यक्ष पार्टी के प्रमुख लोगों की कृपाओं पर आश्रित रहता है और मात्र एक रबर स्टांप हो कर रह जाता है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष की कमजोर स्थिति आज भारत की दोनों प्रमुख पार्टियों में स्पष्ट नजर आ रही है। मल्लिकार्जुन खड़गे हालांकि प्रभावशाली व्यक्तित्व के मालिक हैं परंतु पार्टी अध्यक्ष के रूप में गांधी परिवार की नामित व्यक्ति होने की वजह से ही अध्यक्ष बने है। यही कारण है कि अपने चयन के इतने महीनों बाद भी वे राष्ट्रीय कार्यकारणी गठित नहीं कर पाए हैं। कांग्रेस में राज्य स्तर पर तो अध्यक्ष की कोई औकात भी नहीं होती है इसलिए जनता भी ई पार्टी के राज्य स्तर के अध्यक्षों को कोई भी गंभीरता से नहीं लेती है।

उधर बीजेपी में भी अध्यक्ष साहब की तस्वीरें तभी प्रमुखता पाती हैं जब किसी राज्य में पार्टी की हार होती नजर आती है वरना जश्न के समय तो मोदी शाह द्वय ही स्लो मोशन द्वारा पुष्प वर्षा का आनंद लेते नजर आते हैं। माना कि प्रधानमंत्री मोदी देश के एक वर्ग में बड़े लोकप्रिय हैं परंतु कोई भी पार्टी यदि एक व्यक्ति पर लंबे समय तक निर्भर रहती है तो समय के साथ उसकी जड़ें कमजोर होने लगती है जिसका एक उदाहरण भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी है जिसकी आज की खस्ता हालत का मुख्य कारण उत्तर प्रदेश जैसे प्रभावशाली राज्य में उसका नेतृत्व हीन होना है क्योंकि इस प्रदेश में नेहरू से लेकर राहुल गांधी का पार्टी पर एकाधिकार रहा जिसके कारण अन्य कोई स्थानीय नेता उभर ही नहीं पाया।

बीजेपी में भी अपने ही प्रभावशाली नेताओं को हाशिए पर ले जाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है जिसका उदाहरण हाल ही में गठित संसदीय बोर्ड है जो पार्टी के कितने ही महत्वपूर्ण निर्णय लेने वाली एक इकाई है। इस बोर्ड में नितिन गडकरी और शिवराज सिंह चौहान को शामिल नहीं करके पूरी पार्टी को बता दिया गया है कि यहां अब थोड़ा सा भी विरोध सहन नहीं किया जाएगा। व्यक्ति पर आधारित होती किसी भी पार्टी के कमजोर पड़ने का पहला इशारा राज्य स्तर पर चुनावों में कमजोर होना माना जाता है क्योंकि इन पराजयों से लोगों के जहन में यह बात उभरने लगती है कि अब पार्टी अजेय नहीं रह गई है। कांग्रेस इसकी कीमत चुका रही है बीजेपी की बात भविष्य के गर्भ में है और इसे देखना अगले दो सालों में रोचक हो सकता है। इरचकांग्रेस के लोगों और समर्थकों का कहना है कि गांधी परिवार को यदि दृश्य पटल से हटा दिया जाए तो पार्टी तुरंत प्रभाव से बिखर जायेगी और यह बात आज के समय में सच भी लगती है। परंतु सवाल उठता है कि मात्र तीन व्यक्तियों के सहारे इतनी पुरानी और बड़ी पार्टी आखिर कब तक जिंदा रह पाएगी? एक न एक दिन तो उसे जिलों से लेकर देश की राजधानी तक स्वयं अपना आधार बनाना पड़ेगा। बीजेपी भी आखिर कब तक आरएसएस के सहारे टिकी रहेगी? तेजी से परिवर्तित दुनियां में पुराणपंथी विचारधाराएं चाहे जितनी मजबूत नजर आएं परंतु अंदर से खोखली होती हैं। सत्ता से दूरी इन विचारधाराओं को मजबूती देती हैं परंतु लंबे समय तक सत्ता में रहने के बाद धन और मद इन विचारधाराओं को निगल जाते हैं और मजबूत तथा संगठित नजर आने वाली पार्टी में भी बिखराव शुरू होने लगता है।

परंतु बहुमत द्वारा अध्यक्ष का चुनाव सत्ता में बैठे या प्रतीक्षारत पार्टी मठाधीश कभी नहीं चाहते हालांकि पार्टी के अंदर प्रजातंत्र की दुहाई सब देते हैं। इसका कारण है कि बहुमत से अध्यक्ष चुना हुआ व्यक्ति अपने आप में एक शक्ति स्तम्भ हो जाता है। ऐसे अध्यक्ष को जब मन किया तब चार पंक्तियां लिख कर पदचुत्य नहीं किया जा सकता है। आज के समय चाहे राष्ट्रीय हो या फिर राज्य स्तरीय अध्यक्ष अधिकांश पार्टियों में वह शतरंज की गोटी मात्र है जिसे जब मन किया आगे पीछे सरका दिया जाता है। आज कांग्रेस में गांधी परिवार चाहे तो भी मल्लिकार्जुन खड़गे को हटाना आसान नहीं है क्योंकि वे एक निर्वाचित अध्यक्ष हैं। बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने अब तक अपने किसने ही राज्य स्तर के पार्टी अध्यक्षों को चार पंक्तियां लिख कर जब चाहा पदचुत्य कर दिया। क्या किसी चुने हुए अध्यक्ष के साथ ऐसा करना संभव है? चूंकि यह हर पार्टी का अपना अंदरूनी मामला है तो पार्टी प्रजातंत्र की मांग यदि वहीं से उठे तो ही सफल हो सकती है। प्रथम दृष्टि से तो यही लगता है कि इस प्रक्रिया से लंबे समय में तो पार्टी मजबूत ही होती है परंतु पार्टियों के शक्तिशाली लोग स्वयं अपनी पार्टी की मजबूती की बजाय अपनी खुद की मजबूती के बारे में ज्यादा प्रयासरत रहते हैं।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



आत्म दर्शन के बाद उनकी कृपा से मन के सब संदेह मिट जाते हैं, फिर कोई दुःख नहीं रहता। व्याकुलतापूर्वक उन्हें पुकारने से वे स्वयं ही भक्त को संभाल लेते हैं, जैसे पिता यदि पुत्र का हाथ पकड़ कर चलता है तो पुत्र को गिरने का कोई भय नहीं। पुत्र को रोते-हांफते देखकर माता को दया आ जाती है, वह दौड़कर आ जाती है और बालक को संभाल लेती है। ईश्वर कभी-कभी कुछ दौड़-धूप भी करवाते हैं, यह उनकी लीला है। लीला से उन्होंने संसार की रचना की। माया के पाश में सबको बांध रखा है। वे ही इस माया के फांस को काटते हैं और दर्शन देते हैं। माया ने सबको अज्ञानी बना रखा है। संसार का मूल आधार शक्ति ही है। वही माया है। उसके भीतर विद्या और अविद्या दोनों हैं। अविद्या माया मोह मुग्ध करती है। विद्या माया ईश्वर मार्ग पर ले जाती है। ईश्वर लाभ होने पर मनुष्य समस्त संसार के बाहरी ऐश्वर्य को भूल जाता है। दर्शन के आनन्द में मग्न हो जाने पर भक्त की अलग ही दशा हो जाती है। जैसे हनुमानजी से किसी ने पूछा आज क्या तिथिवार है। वे बोले भाई मैं दिन तिथि कुछ नहीं जानता। मैं सिर्फ श्रीराम का स्मरण किया करता हूं। ईश्वर को पाने के लिए हृदय रूपी समुद्र के अथाह जल में डुबकी लगानी पड़ती है। हृदय रूपी सागर में काम, क्रोध, मद, मत्सर आदि घड़ियाल रहते हैं। क्रमशः

## ओपिनियन

# 27 सालों में दोगुने हो जाएंगे डायबिटीज के रोगी



अमित बैजनाथ
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net


**भारत में तेजी से बढ़ते गैर-संक्रामक रोगों को रोकने के लिए तत्काल आधार पर राज्य-केंद्रित नीतियों और हस्तक्षेपों की जरूरत है। जिस गति से मधुमेह के मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है, वह चिंताजनक होने के साथ प्रत्येक स्वास्थ्य प्रणाली के लिए चुनौतीपूर्ण भी है।**

साल 2050 तक दुनियाभर में डायबिटीज से पीड़ित लोगों की संख्या दोगुनी हो जाएगी यानी कि कम से कम 1.3 अरब लोग डायबिटीज के शिकार होंगे। साल 2021 तक डायबिटीज मरीजों की संख्या 529 मिलियन थी, जिसके आने वाले 27 सालों में दोगुना होने का अनुमान है। द लैंसेट के नए अनुमान के अनुसार, आने वाले 30 सालों में दुनिया के किसी भी देश में डायबिटीज बीमारी की दर में कमी की उम्मीद नहीं है। जहां तक भारत का सवाल है तो यहां पर 101 मिलियन यानी कि 10 करोड़ लोगों को डायबिटीज है। वहीं 136 मिलियन लोग प्री-डायबिटिक हैं। इस अनुमान से अंदाजा लगाया जा सकता है कि दुनिया में 2045 तक डायबिटीज से पीड़ित तीन चौथाई से अधिक एडल्ट कम आय वाले देशों में होंगे, जिनमें से 10 में से 1 से भी कम को देखभाल और इलाज की सुविधा मिलेगी।

रिपोर्ट बताती है कि भारत में 11.4 प्रतिशत लोग मधुमेह और 35.5 प्रतिशत लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं। वहीं 15.3 प्रतिशत लोग प्री-डायबिटिक की स्थिति में हैं। देश के कुछ राज्य डायबिटीज के मामले में बहुत तेजी से आगे निकल रहे हैं। इनमें गोवा की 26.4 प्रतिशत आबादी, पुड्डुचेरी की 26.3 प्रतिशत आबादी और केरल की 25.5 प्रतिशत आबादी डायबिटीज की शिकार है। बाकी राज्यों जैसे यूपी, एमपी और बिहार में आने वाले सालों में एक बड़ी आबादी इसकी शिकार हो सकती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत की 15 प्रतिशत आबादी प्री-डायबिटीक है। इतना ही नहीं, 35.5 प्रतिशत आबादी हाइपरटेंशन और हाई कोलेस्ट्रॉल की शिकार है। लगभग 29 प्रतिशत लोग मोटापे से परेशान हैं। आंकड़े बताते हैं कि आने वाले सालों में भारत की एक बड़ी आबादी एक साथ कई बीमारियों की शिकार होगी।

डाटा के विश्लेषण के अनुसार, दुनिया में डायबिटीज की मौजूदा प्रसार दर 6.1 प्रतिशत है, जो इसे मृत्यु एवं निशक्तता के 10 प्रमुख कारणों में से एक बनाती है। क्षेत्रीय स्तर पर यह दर उत्तर अमेरिका और पश्चिम एशिया में सबसे अधिक 9.3 प्रतिशत है, जो 2050 तक बढ़कर 16.8 होने की संभावना है। वहीं लातिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों में यह दर 11.3 प्रतिशत है। मधुमेह के लक्षण विशेष रूप से 65 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों में पाए गए हैं और उक्त जनसांख्यिकीय के लिए 20 प्रतिशत से अधिक की वैश्विक प्रसार दर दर्ज की गई। क्षेत्रीय आधार पर उत्तर अफ्रीका और पश्चिम एशिया में इस आयु-वर्ग में सर्वाधिक दर 39.4 प्रतिशत थी, जबकि मध्य यूरोप, पूर्वी यूरोप और मध्य एशिया में यह सबसे कम 19.8 प्रतिशत थी। इधर, मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की एक रिपोर्ट बताती है कि देश में 28.6 प्रतिशत लोग सामान्य मोटापे से ग्रस्त हैं, वहीं 39.5 प्रतिशत लोग पेट (तोंद) के मोटापे से ग्रस्त हैं। अध्ययन में पाया गया कि 2017 में भारत में करीब 7.5 प्रतिशत लोगों को मधुमेह की समस्या थी। इसका मतलब हुआ कि तब से अब तक यह संख्या 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई है। राज्यों की बात करें तो मधुमेह के सर्वाधिक मामले गोवा (26.4 प्रतिशत) में हैं, वहीं उत्तर प्रदेश में सबसे कम (4.8 प्रतिशत) मामले हैं। उच्च रक्तचाप के सबसे अधिक रोगी पंजाब में (51.8 प्रतिशत) हैं। वहीं संयुक्त राष्ट्र ने भी भविष्यवाणी की है कि 2050 तक विश्व की जनसंख्या लगभग 9.8 बिलियन हो जाएगी। इससे पता चलता है कि तब तक सात में से एक व्यक्ति डायबिटीज के साथ जी रहा होगा। विशेषज्ञ कहते हैं कि डायबिटीज धीरे-धीरे लोगों को निगल रही है। ये बीमारी शुरू तो होती है शुगर के खराब मेटाबॉलिज्म से, लेकिन ये धीमे-धीमे हमारे ब्लड वेसेल्स, दिल, पेट, लिवर, किडनी, आंख और ब्रेन तक को अपना शिकार बना लेती है। उनका कहना है कि गैर-संचारी रोगों में तेजी से वृद्धि के लिए सर्वाधिक रूप से आहार, शारीरिक गतिविधियों और तनाव के स्तर जैसी जीवन-शैली को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

जागरूक जनता Selfie विद डॉटर



पीहू डॉटर भूपेन्द्र तंवर, जयपुर

### हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 12/07/2023**

**सूर्योदय :** 05:45 **सूर्यास्त :** 19:19 **चन्द्रोदय :** 01:08 **चन्द्रास्त :** 14:47 **शक सम्वत :** 1945 सोभाकृतु **अमान्ता महीना :** ज्येष्ठ **पूर्णिमांत :** आषाढ़ा **सूर्य राशि :** मिथुन **चन्द्र राशि :** मेष **पक्ष :** कृष्ण **तिथि :** दशमी, 18:03 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1945 शोभकृत **विक्रम सम्वत :** 2080 नल **आषाढ़ :** अमान्त **चन्द्रमास श्रावण :** पूर्णिमान्त **गुजराती सम्वत :** 2079 आनन्द

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** भरणी, 19:45 तक
**योग :** धृति, 09:38 तक
**प्रथम करण :** वणिजा, 05:58 तक
**द्वितिय करण :** विष्टि, 18:03 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:10 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:31 ए एम से |
| विजय मुहूर्त | 02:45 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 07:20 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 07:22 पी एम से |
| अमृत काल | 02:48 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:07 ए एम, जुलाई 13 से |
| सर्वार्थ सिद्धि योग | 07:43 पी एम से |

### निवास और शूल

दिशा शूल : उत्तर में

राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में

होमाहुति : राहु

कुंभ चक्रः तल

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | : 05:44 - 07:26 | उद्वेग | 07:18 - 08:37 |
| अमृत | : 07:26 - 09:07 | शुभ | 08:37 - 09:55 |
| काल काल वेला | : 09:07 - 10:49 | अमृत | 09:55 - 11:13 |
| शुभ | : 10:49 - 12:31 | चर | 11:13 - 12:31 |
| रोग वार वेला | : 12:31 - 02:13 | रोग | 12:31 - 01:50 |
| उद्वेग | : 02:13 - 03:55 | काल | 01:50 - 03:08 |
| चर | : 03:55 - 05:37 | लाभ | 03:08 - 04:26 |
| लाभ | : 05:37 - 07:18 | उद्वेग | 04:26 - 05:44 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज दशमी

### आज कौन सा कार्य करें

राज संबंधी कार्य (सरकारी कार्य), व्रतबंध, प्रतिष्ठा, विवाह, यात्रा, भूषणादि के लिए शुभ होते हैं। यात्रा, शिल्प, चूड़ा कर्म, अन्नप्राशन व गृह प्रवेश शुभ है। ऋण नहीं देना चाहिए।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

श्रावण, शुक्ल, दशमी, 2080 बुधवार, 12 जुलाई - 18 जुलाई, 2023

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
राजनीतिक लोगों को षड्यन्त्रों का सामना करना पड़ सकता है। अड़ियल रवैये से नुकसान हो सकता है। सेहत को लेकर थोड़ा चिन्तित रहेंगे। जीवनसाथी की सलाह लेकर निर्णय लेना हितकर होगा।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
धन को लेकर अटके हुये काम बनेंगे। झूठ बोलने से परहेज करें। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। माता-पिता की सलाह लेना उत्तम होगा। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
व्यवसाय में खर्चों को नियन्त्रित करने का प्रयास करेंगे। पिता के व्यवहार से थोड़ा निराश हो सकते हैं। वकीलों को किसी बड़े केस में जीत मिल सकती है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम व सम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। परिवार का साथ मिलेगा। मांगलिक आयोजन में शामिल हो सकते हैं। सभी काम बिना रुकावट के पूर्ण होंगे। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
कार्यक्षेत्र में गलतियों से अधिकारी वर्ग नाराज हो सकते हैं। गुस्सा सहकर्मियों पर न उतारें। परिजन आपसे प्रसन्न रहेंगे। धर्म-कर्म पर धन खर्च होगा। बिगड़े सम्बन्धों को सुधारने का प्रयास करें।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
सरकारी कार्यों में समस्या हो सकती है। चिड़चिड़ेपन से लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। शुभचिंतकों से विवाद न करें। समुद्री तट के समीप रहने वाले लोगों को कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
उधार दिया हुआ धन परेशानी खड़ी कर सकता है। घरेलू वातावरण सामान्य रहेगा। आप किसी गम्भीर विषय पर चिन्तन कर सकते हैं। अनावश्यक कार्यों को लेकर आप परेशान रहेंगे।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। पुराने निवेश से लाभ होगा। कारोबार में बड़ा बदलाव कर सकते हैं। सन्तान के व्यवहार से आपको प्रसन्नता होगी। जीवनसाथी आपकी भावनाओं को समझेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
जॉब में असन्तोष उत्पन्न होगा। गुस्से के कारण काम बिगड़ सकते हैं। अपने कार्यों को लेकर गम्भीर रहेंगे। सहकर्मियों के प्रति मन में द्वेष पनप सकता है। भुजाओं में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
व्यवसाय में नये प्रयोग कर सकते हैं। सभी काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में सम्मान मिल सकता है। मेहनत का सार्थक परिणाम मिलने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद मिल सकता है। इंटरव्यू आदि में सफलता मिलेगी। विरोधी आपके सामने कमजोर पड़ जायेंगे।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
विदेशों में रह रहे लोग स्वदेश लौटने का विचार कर सकते हैं। व्यापार में बड़ी डील मिलने की सम्भावना बन रही है।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

### जनसंपर्क जनसंपर्क अलंकरण समारोह

# अरोड़ा 'जनसंपर्क श्री' पुरस्कार से अलंकृत

**पद्मश्री अहमद हुसैन, मोहम्मद हुसैन सहित 24 विभूतियां सम्मानित**



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ने रविवार को आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को 'जनसंपर्क श्री' पुरस्कार से सम्मानित किया। समारोह में जनसंपर्क सहित विभिन्न सेवाओं में अनुकरणीय कार्य करने वाली 24 विभूतियों को सम्मानित किया। अरोड़ा की ओर से बीएल स्वामी ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। सोसायटी के महासचिव अरुण जोशी ने बताया कि राजस्थान आवासन मंडल के आयुक्त पवन अरोड़ा को जनसंपर्क श्री, विशेषाधिकारी (मुख्यमंत्री) फारुख आफरीदी को लाइफ टाइम अचीवमेंट तथा जाने-माने गजल गायक पद्मश्री अहमद हुसैन और मोहम्मद हुसैन को विशिष्ट अलंकरण प्रदान किए गए।

समारोह के मुख्य अतिथि राजसीको के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा रहे एवं अध्यक्षता हरिदेव जोशी विश्वविद्यालय की कुलपति डॉक्टर प्रोफेसर सुधि राजीव ने की। समारोह में की नोट स्पीकर पूर्व आईएएस मनोज कुमार शर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय कार्य करने वाली 24 विभूतियों को शॉल ओढ़ाकर, प्रशस्ति पत्र, श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उदयपुर के संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट, तिलक पालावत, स्वर्गीय गोवर्धन लाल पाराशर के प्रतिनिधि, स्वर्गीय कमलनयन शर्मा के प्रतिनिधि, डॉक्टर नरोत्तम शर्मा, दिग्विजय डाबरिया, उम्मेद राज जैन, डॉ कृति भारती, आशीष जैन पीआरओ, श्वेता पचौरी, आकांक्षा पालावत पीआरओ, विनायक शर्मा, तरुण टाक, महेश कचोलिया, शैलेंद्र शर्मा आशीष अमन हिमांशु पाटनी, रेखा चटर्जी, मनोज भारद्वाज सीमा राज चंद्रशेखर एपीआरओ, स्निग्धा शर्मा तथा लिपि सिंघल को भी सम्मानित किया गया।

## राजस्थान आवासन मंडल में 311 पदों पर होंगी भर्ती

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश के युवाओं के लिए राजस्थान आवासन मंडल ने बड़ी खुशखबरी दी है। मंडल विभिन्न संवर्गों के 311 पदों के लिए जल्द ही भर्ती निकालेगा। यह परीक्षा भारत की अर्धसरकारी सॉफ्टवेयर कम्पनी सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग (सी-डैक) कराएगी। आयुक्त ने बताया कि 53 राजपत्रित और 258 अराजपत्रित पदों पर होगी भर्ती। इसमें प्रोग्रामर पद के लिए 1, परियोजना अभियन्ता (वरिष्ठ) (सिविल) के 48 और नगर नियोजन सहायक या वास्तुविद् सहायक के 4 राजपत्रित पदों के लिए आरपीएससी भर्ती कराएगा। जबकि कम्प्यूटर ऑपरेटर (सहायक प्रोग्रामर (एल-10) के 6, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (सूचना सहायक) के 18, परियोजना अभियन्ता (कनिष्ठ) (सिविल) के 100, परियोजना अभियन्ता (कनिष्ठ) (विद्युत) के 11, वरिष्ठ प्रारूपकार के 4, कनिष्ठ प्रारूपकार 10, विधि सहायक (कनिष्ठ विधि अधिकारी) 9, कनिष्ठ लेखाकार के 50 और कनिष्ठ सहायक के 50 अराजपत्रित पदों के लिए सी डैक भर्ती कराएगा। गौरतलब है कि सी-डैक इंडियन नेवी और एयरफोर्स की परीक्षाओं के संचालन के लिए जानी जाती है। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि मंडल में कई दशकों के बाद इतनी बड़ी भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह मंडल ने भवन निर्माण सहित अन्य क्षेत्रों में कीर्तिमान कायम किए हैं उसी तरह पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ परीक्षा संचालित होंगी। अरोड़ा ने बताया कि 3 घंटे में होने वाली ऑनलाइन परीक्षा में 150 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिसमे से 60 सामान्य ज्ञान और 90 परीक्षा विशेष से जुड़ी तकनीकी जानकारी पर आधारित होंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का होगा। सभी प्रश्न मल्टीचॉइस होंगे और नेगेटिव मार्किंग भी होगी। पात्रता और सिलेबस कर्मचारी चयन बोर्ड के अनुसार ही निर्धारित किया गया है।

# लोकायुक्त सचिवालय में 11 नवीन पद होंगे सृजित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लोकायुक्त सचिवालय में 11 नवीन पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। प्रस्तावित पदों में अनुभागाधिकारी का 1, सहायक सचिव के 2, सहायक अनुभागाधिकारी के 4 एवं लिपिक ग्रेड-। के 4 पद (कुल 11 पद) शामिल हैं। साथ ही, गहलोत ने लोकायुक्त सचिवालय में मंत्रालयिक संवर्ग के विभिन्न पदों की कैडर स्ट्रेन्थ को पुनर्निधारित किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। गहलोत की इस मंजूरी से एक ओर जहां लोकायुक्त सचिवालय में आमजन की लोकसेवकों के विरूद्ध भ्रष्टाचार, कदाचरण एवं पद दुरूपयोग सम्बन्धी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण कर राहत पहुंचाई जा सकेगी। वहीं, लोकायुक्त सचिवालय में मंत्रालयिक सेवा के विभिन्न कैडरों में कार्यरत कार्मिकों को पदोन्नति के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

## सरिस्का टाईगर रिजर्व में दो शावकों के जन्म होने पर बाघों की संख्या 30 हो गई है

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्य वन संरक्षक एवं सरिस्का टाईगर रिजर्व क्षेत्र के निदेशक आर.एन मीना ने बताया कि रेंज अलवर बफर के वन क्षेत्र में बाघिन एस.टी. 19 ने दो शावकों को जन्म दिया है। इन दोनों शावकों की कैमरा ट्रैप में फोटो 6 जुलाई को कैप्चर हुई है। इन दोनों शावकों के संभावित पिता इस क्षेत्र में विचरण करने वाला नर बाघ एस. टी. 18 है। उन्होंने बताया कि सरिस्का टाईगर रिजर्व में अब बाघों की संख्या 28 से बढकर 30 हो गई है।

## मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति- विभिन्न अराजपत्रित पद अब होंगे राजपत्रित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सहायक अभियोजक अधिकारी (अभियोजन विभाग), पर्यवेक्षक बीमा (राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग), आयुष नर्सिंग अधीक्षक ग्रेड-। (आयुष विभाग) तथा तकनीकी शिक्षा विभाग (प्राविधिक शिक्षा मण्डल जोधपुर) के सहायक रजिस्ट्रार के पदों को राजपत्रित पद घोषित करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। गहलोत के इस निर्णय से इन विभागों में राजपत्रित पदों के समान उत्तरदायित्व का निर्वहन करने वाले इन कार्मिकों के पद राजपत्रित ना होने की विसंगति दूर की जा सकेगी। इससे इन कार्मिकों की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी।

# नई छात्र परिषद का अलंकरण समारोह, सैश और बेज प्रदान किए



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सीतापुरा स्थित इंडिया इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में नई छात्र परिषद के अलंकरण समारोह हुआ। समारोह में आईआईएस शिक्षण संस्थान समूह के निदेशक डॉ. अशोक गुप्ता ने नई विद्यार्थी परिषद को सैश और बेज प्रदान किए। साथ ही नई परिषद पद के लिए शपथ दिलाई। सत्र 2022-23 की विद्यार्थी परिषद के हेड बॉय और हेडगर्ल की तरफ से सत्र- 2023-24 की नवीन परिषद के हेड बॉय और हेड गर्ल को स्कूल ध्वज सौंपकर अपने कर्तव्य के निर्वहन के लिए सजग रहने का संदेश दिया गया। संस्था निदेशक डॉ.गुप्ता ने विद्यार्थियों को विद्यालय की संस्कृति और मूल्यों को बनाए रखने की बात कही। सत्र 2023-24 की नई परिषद में गार्विक सिंह गजावत हेड बॉय तथा खुशी श्रीवास्तव हेड गर्ल के रूप में नियुक्त किए गए। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजू जयदीप ने नई परिषद को शुभकामनाएं दीं।

## राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेलों का 5 अगस्त को होगा शुभारंभ

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक - 2023 के आयोजन की तिथि में परिवर्तन किया गया है। अब इन खेलों का शुभारंभ 5 अगस्त, 2023 को होगा। पूर्व में यह तिथि 10 जुलाई, 2023 निर्धारित थी। शासन सचिव, खेल विभाग नरेश कुमार ठकराल ने बताया कि आगामी दिनों में बारिश की संभावना एवं अन्य कारणों के मध्यनजर इन खेलों के आयोजन की तिथियों में बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा कि खेलों के आयोजन को लेकर राज्य सरकार की पूरी तैयारी है। इस अवधि में खिलाड़ियों को अभ्यास करने का पर्याप्त समय मिलेगा। खेलों में भाग लेने के लिए करीब 57 लाख लोगों ने पंजीकरण करवाया है, जो एक विश्व रिकॉर्ड है।

# रोटरी क्लब गुरुकुल के वितरण समारोह में बाइक एम्बुलेंस दान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** एसएफएस मानसरोवर स्थित आईआईएसं यूनिवर्सिटी (डीम्ड टू बी) कैम्पस में रोटरी क्लब जयपुर गुरुकुल की तरफ से वितरण समारोह (समाजोपयोगी कार्यक्रम) आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पीडीजी डॉ. अशोक गुप्ता और डीजी डॉ. निर्मल कुनावत समेत डीजीई डॉ. राखी गुप्ता, डॉ. प्रिंसी थॉमस (निर्वाचित अध्यक्ष) और सचिव डॉ. व्योमा अग्रवाल भी मौजूद रहीं।

समारोह में क्लब के पीडीजी डॉ. अशोक गुप्ता और डीजी डॉ. निर्मल कुनावत के समर्थन व आरटीएन की पुरजोर कोशिश के मद्देनजर भरतपुर में पंजीकृत एनजीओ अपनाघर जयपुर ने एक गैर-सरकारी संगठन को एक नई बाइक एम्बुलेंस दान की। गौरतलब है कि तकरीबन 263 सक्रिय सदस्यों की आरसी जयपुर गुरुकुल साल 2017 से समाज के विभिन्न वर्गों को लाभान्वित करने के मकसद से कई गतिविधियां संचालित कर रही है। रोटरी क्लब जयपुर गुरुकुल की अध्यक्ष डॉ. मणि भाटिया और -अपनाघर आश्रम, आदर्श नगर जयपुर की अध्यक्ष सलोनी पाटनी ने बाइक एम्बुलेंस के उपयोग की त्रैमासिक रिपोर्ट मुंबई लेकर्स के आरसी को भेजने पर सहमति जताई, जिसे आगे हीरो मोटरकॉर्प को भेजा जाएगा। इसमें रोटरी क्लब जयपुर गुरुकुल के अलावा आरसी मुंबई लेकर्स और हीरो मोटरकॉर्प का भी सहयोग रहा। दोनों क्लबों और आश्रम अध्यक्षों ने परियोजना के लिए उनके उदार समर्थन और मार्गदर्शन के लिए पीडीजी डॉ. अशोक गुप्ता और डीजी डॉ. निर्मल कुनावत का आभार जताया। डॉ. मणि भाटिया ने बताया कि जीवन बदलने के लिए सेवा करें जैसे आदर्श वाक्य के साथ क्लब की ओर से आरसीजेजी सामुदायिक आर्थिक विकास योजनाओं, बुनियादी शिक्षा और साक्षरता के प्रसार, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण सहित कई अन्य पर आधारभूत जरूरतों पर फोकस किया जा रहा है। कार्यक्रम में चिकित्सा निदेशक और आरटीएन एकता मेनन और आरसी मुंबई लेकर्स की अध्यक्ष मंजू उदासी भी मौजूद रहे।







# सिंदूरी अनार के भाव बिक रहा 'लाल' टमाटर

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सलाद की प्लेट हो या सब्जियां, टमाटर की मौजूदगी स्वाद बढ़ा देती है, लेकिन अब टमाटर खरीदना लोगों की जेब पर भारी पड़ रहा है। रोजमर्रा की जरूरत टमाटर ने फल व पेट्रोल के भावों को मात दे दी है। भाव में रेकार्ड तोड़ तेजी के बाद अब लोगों ने टमाटर से दूरी बनानी ली है। बारिश के कारण टमाटर उत्पादक क्षेत्रों में खासा नुकसान होने के कारण थोक मंडी में एक माह में ही दस रुपए किलो तक बिकने वाला टमाटर अब 95 रुपए प्रति किलो तक बोला जा रहा है। वहीं सब्जियों की दुकानों व मंडियों



में टमाटर गायब हो गया है। व्यापारियों के मानें तो पिछले 10 से 15 दिनों में सब्जियों के दामों में करीब तीस से चालीस प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। जिससे आम आदमी की थाली से पालक, गोभी, करेला और परवल जैसी सब्जियां गायब हो गयी हैं। सब्जी मंडी के भावों में अब बढ़ोत्तरी हो गयी है।

### नासिक और शिमला से आ रहा टमाटर

**जिले** में करीब बीस हजार सब्जी उत्पादक किसान टमाटर की बुवाई करते हैं। जिले में इस बार दो सौ से तीन सौ हेक्टेयर में टमाटर का उत्पादन हुआ है। उद्यान विभाग के अनुसार एक हेक्टेयर में टमाटर का उत्पादन करीब तीन सो क्विंटल हो जाता है। पिछले एक माह के दौरान जिले में बारिश के कारण टमाटर की स्थानीय उपज खत्म हो गई और नई उपज अगस्त या सितम्बर माह में आएगी।

### किचन का बजट बिगड़ा

**बीते** कुछ दिन पूर्व हुई बेमौसम बरसात ने धान सहित अनाज की फसलों को तो नुकसान पहुंचाया ही है, वहीं सब्जियों के खेत भी जलमग्न हो गए थे। गृहणियों का कहना है कि सब्जियों के दाम बढ़ने से किचन का बजट बिगड़ जाता है, ऐसे में बजट को संभालना मुश्किल होता है। जिस तरह से टमाटर-प्याज समेत सभी सब्जियों की कीमतें बढ़ रही हैं, उससे लगता है कि अभी लोगों के और पसीने छुड़ाएगी। अधिकांश लोग टमाटर का भाव सुनकर ही चौंक रहे हैं। वहीं जो लोग खरीद भी रहे हैं, तो वो ऐसे लोग हैं, जो पहले एक किलो खरीदते थे और अब 250 ग्राम में ही काम चला रहे हैं।

## जागरूक खबरें

### ■ पारीक समाज के चुनाव अधिकारियों की मिटिंग सम्पन्न

**चौमूं @ जागरूक जनता।** महर्षि पराशर (पारीक) सेवा समिति चौमूं की निर्वाचन समिति की बैठक का आयोजन मुख्य निर्वाचन आधिकारी एडवोकेट रामकृष्ण पारीक की अध्यक्षता में पारीक भवन रेनवाल रोड़ चौमूॅ पर किया गया। मिटिंग मे दिनांक 30 जुलाई को आगामी द्विवर्षीय कार्यकाल हेतु अध्यक्ष पद का चुनाव करवाने के लिए चुनाव प्रक्रिया का निर्धारण किया गया। जिसके अनुसार अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन, फार्म भरने की तिथि, आवेदन पत्रों की जांच के बाद 23 जुलाई को नाम वापसी और 24 जुलाई को एक से अधिक नामांकन प्राप्त होने पर मतदान 30 जुलाई को प्रात: 10 से दोपहर 3 बजे तक पारीक, भवन रेनवाल रोड चौमूं पर सम्पन्न करवाये जावेगें। सहायक चुनाव अधिकारी रामनिवास पारीक ने बताया कि सम्पूर्ण भारतवर्ष से पारीक समाज के 1406 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर अध्यक्ष का चयन करेगें। मतदान उपरान्त उसी दिवस सांयकाल मतगणना की जाकर परिणाम घोषित किया जावेगा। निर्वाचित उम्मीदवार को शपथ दिलवाई जावेगी। मिटिंग मे मुख्य निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता रामकृष्ण पारीक, सहायक चुनाव अधिकारी सेवानिवृत तहसीलदार विनोदकुमार पारीक, सेवानिवृत गिरदावर रघुवरदयाल पारीक, सेवानिवृत वरिष्ठ अध्यापक सत्यनारायण पारीक, सेवानिवृत ग्राम विकास अधिकारी रामनिवास पारीक उपस्थित रहे। चुनाव प्रक्रिया मे आवश्यक होने पर इनके द्वारा चुनाव सहयोगियों की नियुक्ति की जाकर निर्विघ्न शान्तिपूर्वक चुनाव सम्पन्न करवाये जावेगें।

### ■ प्रदेश में खुलेंगे 5 लोक अभियोजक कार्यालय

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश के जायल (नागौर), रायसिंह नगर (श्रीगंगानगर), फागी (जयपुर) एवं खेतड़ी (झुन्झुनूं) में अपर लोक अभियोजक कार्यालय तथा जोधपुर में विशिष्ट लोक अभियोजक (एनडीपीएस प्रकरण) कार्यालय खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। गहलोत के इस निर्णय से न्यायिक एवं विधिक कार्यों का संचालन सुचारू रूप से हो सकेगा। साथ ही, न्यायालयों में राज्य सरकार की ओर से प्रभावी पैरवी हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में नवीन अपर लोक अभियोजक एवं विशिष्ट लोक अभियोजक कार्यालय खोले जाने की घोषणा की गई थी।

### ■ फल एवं मसाला बगीचे की स्थापना के लिए मिलेगा अनुदान - मुख्यमंत्री ने दी 23.79 करोड़ रुपए की स्वीकृति

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश के किसानों को फल एवं मसाला बगीचे की स्थापना पर अनुदान मिलेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अनुदान के लिए 23.79 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्णय से किसानों को फल एवं मसाला बगीचे लगाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। वर्ष 2023-24 में 7609 हैक्टेयर क्षेत्र में फल बगीचे के लिए 22.40 करोड़ रुपए तथा 2527 हैक्टेयर क्षेत्र में मसाला बगीचे के लिए 1.39 करोड़ रुपए का अनुदान दिया जाएगा। इसमें 17.24 करोड़ रुपए की राशि राज्य कृषक कल्याण कोष एवं 6.55 करोड़ रुपए की राशि राष्ट्रीय बागवानी मिशन एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना से वहन की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा इस संबंध में बजट में घोषणा की गई थी।

### ■ प्री. डी. एल. एड. परीक्षा 2020, 2021 तथा 2022- रिफण्ड के लिए आवेदन आमंत्रित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्री.डी.एल.एड. परीक्षा 2020, 2021 तथा 2022 के रिफण्ड के लिए आवेदन मांगे गए हैं। शिक्षा विभागीय परीक्षाएं के पंजीयक श्री रामस्वरूप जांगिड ने बताया कि ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने प्रवेश हेतु कॉउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लिया था तथा उन्होंने निर्धारित काउंसलिंग शुल्क ऑनलाईन रूप से जमा करवाया था लेकिन उन्हें कोई भी संस्था आवंटित नहीं हुई थी। वे रिफण्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने रिफण्ड प्राप्त करने हेतु अभी तक आवेदन नहीं किया है, उन समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने स्वयं के लॉगिन आई. डी. से रिफण्ड हेतु आवेदन करके नियमानुसार रिफण्ड प्राप्त कर सकते हैं।

### ■ जन्मदिन पर एसएमएस अस्पताल में चेयर, व्हीलचेर भेंट



**जयपुर @ जागरूक जनता।** ब्रह्मपुरी निवासी श्री गोपाल सिंह टाक ने अपने पौत्र के सातवें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सवाई मान सिंह चिकित्सालय के ट्रामा वार्ड 206 में डॉक्टर्स एंड कंपाउंडर के लिए कुर्सिया एंड मरीजों के लिए व्हीलचेयर भेंट की. उनकी पुत्री डॉक्टर शारदा टाक ने बताया कि फरवरी माह में उनके पिता जी के पैर में फ्रैक्चर हो गया था। डॉक्टर डी.एस. मीना और उनकी टीम ने उनकी सफल शल्य चिकित्सा की। वार्ड के सभी स्टाफ के सेवा कार्यों को देखते हुए धन्यवाद स्वरूप ये कुर्सीयां और व्हीलचेयर वार्ड प्रभारी बृजमोहन शर्मा को भेंट की।

## जयपुर-अजमेर रोड पर ट्रैफिक जाम से मिलेगी निजात

**जिला कलक्टर ने एनएचएआई को फ्लाईओवरों का काम बंद करने के दिये निर्देश**

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** फ्लाई ओवर निर्माण कार्य के चलते आए दिन जयपुर-अजमेर रोड पर लगने वाले ट्रैफिक जाम को लेकर जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला किया है। जिला कलक्टर श्री प्रकाश राजपुरोहित ने एक आदेश जारी कर एनएचएआई के परियोजना निदेशक को जयपुर-अजमेर रोड पर स्थित फ्लाई ओवरों का निर्माण कार्य बंद करने के निर्देश दिये हैं। आदेश के तहत एनएचएआई प्रबंधन को उपयुक्त डायवर्जन की व्यवस्था किये जाने तक सांवरदा, महला, मोखमपुरा एवं पूतली कट पर फ्लाई ओवरों के जारी समस्त निर्माण कार्यों को बंद करने के लिए निर्देशित किया गया है। आदेशों की पालना ना होने की स्थिति में दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**आयुक्त ने दिए आरटीओ-डीटीओ को निर्देश**

## अब परिवहन विभाग ही करेगा सभी ऑटोमेटेड ड्राइविंग ट्रैक का संचालन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के सभी ऑटोमेटेड ड्राइविंग ट्रैक का संचालन परिवहन विभाग अब अपने स्तर पर करेगा। इस संबंध में परिवहन आयुक्त कन्हैया लाल स्वामी ने सभी 10 आरटीओ और 2 डीटीओ को आदेश जारी किए। उन्होंने निर्देश दिए कि इन ट्रैक पर निजी कंपनी के अनुबंध की अवधि समाप्त होने के साथ ही पजेशन ले लिया जाए। जानकारी के मुताबिक 8 आरटीओ कार्यालय में कॉन्ट्रेक्ट की अवधि इसी माह समाप्त होने वाली है। वहीं 4 में अगले माह यह कॉन्ट्रेक्ट समाप्त होगा। हालांकि तकनीकी प्रावधान नहीं होने तक कम्पनी के सॉफ्टवेयर का ही उपयोग किया जाएगा। स्वामी ने यह भी निर्देश दिए कि यदि ट्रैक नॉन वर्किंग स्थिति में है तो टेकओवर नहीं लिया जाए। गौरतलब है कि पिछले दिनों जगतपुरा स्थित ऑटोमेटेड ट्रैक के खराब होने के कारण आमजन लाइसेंस के लिए ट्रायल नहीं कर पाए थे। इसके बाद कंपनी प्रतिनिधियों को बुलाकर चार में से दो ट्रैक ठीक करवाए गए, ताकि ट्रायल व्यवस्था सुचारू की जा सके।

**योजना : केंद्र सरकार के पास पहुंचा मामला**

## सेना का प्रस्ताव, 50 फीसदी अग्निवीर बनें स्थायी सैनिक

**टेक्निकल भर्ती की आयु सीमा बढ़ेगी**

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना का प्रस्ताव है कि अग्निवीरों में से चार साल बाद 50% को सेना में समायोजित किया जाए। अभी अग्निपथ योजना के तहत नियम है कि चार साल बाद अधिकतम 25% अग्निवीरों को ही स्थायी सैनिक बनने का विकल्प दिया जाएगा। सेना ने इस संबंध में सरकार के सामने प्रस्ताव रखा है। सूत्रों के मुताबिक सेना चाहती है कि अग्निवीरों के हर बैच में से करीब 50% को परमानेंट किया जाए।

एक अधिकारी ने बताया कि पहले जब सैनिकों की भर्ती होती थी, उसमें जो स्टैंडर्ड रखे गए थे, वही अग्निवीर के लिए भी हैं। हम क्वॉलिटी से समझौता नहीं कर रहे हैं। सेना ने सरकार के सामने यह प्रस्ताव भी रखा है कि अग्निवीरों की भर्ती तेजी से की जाए। एक साल में भर्ती के लिए जो संख्या तय की गई है, उसे बढ़ाया जाए, ताकि सैनिकों की कमी पूरी हो सके। कोविड के कारण दो साल सेना की भर्ती नहीं हो पाई थी। उससे पहले हर साल करीब 80 हजार सैनिकों की भर्ती होती थी। इससे सेना से रिटायर होने वाले और भर्ती होने वाले सैनिकों की संख्या में बैलेंस बना रहता था। सेना अग्निवीरों की टेक्निकल भर्ती में अधिकतम उम्र 21 साल से बढ़ाकर 23 साल करने पर भी विचार कर रही है। सेना इसमें आइटीआइ व टेक्निकल कोर्स वाले युवाओं की भर्ती कर रही है। उम्र सीमा 21 साल होने से विकल्प नहीं मिल पा रहे हैं। योजना से पहले जब टेक्निकल भर्ती होती थी, तब अधिकतम उम्र सीमा 23 साल थी।



## श्रावण मास का प्रथम सोमवार देवस्थान मंत्री ने किया रूद्राभिषेक

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार को देवस्थान मंत्री शकुन्तला रावत ने जयपुर के आमेर स्थित श्री रामेश्वरजी मंदिर में सहस्त्रधारा रुद्राभिषेक किया। उन्होंने रूद्रीपाठ के उच्चारण के बीच विधि-विधान के साथ रूद्राभिषेक किया और प्रदेश में समृद्धि एवं अच्छी वर्षा की कामना की। उन्होंने कहा कि श्रावण के पहले सोमवार को ही भगवान शिव की कृपा हुई है और इंद्रदेव ने चहुं ओर अच्छी बारिश के रूप में खुशियां बरसाई है। श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को यह कार्यक्रम आयोजित होंगे। जयपुर हैरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर ने भी रूद्राभिषेक कार्यक्रम में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों को श्रावण मास एवं अधिक मास की बधाई दी।

**चिरंजीवी योजना अंतर्गत एसएमएस अस्पताल में पहली बार दोनों घुटने, दोनों कूल्हे के जोड़ों का किया प्रत्यारोपण**

## डॉ. धाकड़ ने किया चारों जोड़ों का सफल प्रत्यारोपण

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सवाई मानसिंह अस्पताल के अस्थि रोग विभाग की इकाई 4 में गठिया रोग की मरीज़ चुकी देवी पत्नी बागता राम उम्र 48 साल ग्राम निवासी पाटोलिया तहसील जायल ज़िला नागौर, राजस्थान के चारों जोड़ों ,दोनों घुटने तथा दोनों कूल्हे के जोड़ों का सफल प्रत्यारोपण किया गया। तीन हफ़्ते पहले दोनों घुटनों का और अब दोनों कूल्हे के जोड़ बदल दिये गये हैं। पिछले छः वर्षों से यह मरीज़ बिस्तर पर थी। बिलकुल भी चल फिर नहीं पाती थी। अब यह आराम से चल सकेगी। चुकी देवी चलने की उम्मीद छोड़ चुकी थी। मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना के अन्तर्गत मरीज़ के चारों जोड़ बदले गये इससे मरीज़ का समस्त उपचार एवं ऑपरेशन निःशुल्क किए गए हैं। प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में सवाई मानसिंह अस्पताल में पहली बार किसी एक ही मरीज़ के चारों जोड़ बदले गये हैं। ये ऑपरेशन इकाई 4 के प्रमुख सीनियर प्रोफेसर डॉक्टर रतन लाल दायमा के नेतृत्व में सीनियर प्रोफेसर डॉ अनुराग धाकड जो ट्रॉमा सेंटर के इंचार्ज भी हैं ने किये। अन्य सहयोगी



चिकित्सक दल के साथ जिनमें डॉक्टर हीरा लाल धवन सहायक आचार्य, डॉक्टर ओमेन्द्र, डॉक्टर शुभम् के साथ किए हैं। निश्चेतना विभाग के विभागाध्यक्ष सीनियर प्रोफेसर डॉ श्री फल मीना, डॉ ममता खंडेलवाल (सीनियर प्रोफेसर), डॉ सोनाली एवं डॉ अमित कुलश्रेष्ठ ने इन सभी ऑपरेशनों में मरीज़ को एनेस्थीसिया दिया। सवाई मान सिंह अस्पताल के अस्थि रोग विभाग की इकाई 4 में संपूर्ण वर्ष में सभी इकाइयों की तुलना में सर्वाधिक जोड़ प्रत्यारोपण होता है। ग़ौरतलब है कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना लागू होने के पूर्व एक जोड़ बदलने का खर्चा लगभग 1.25 से 1.50 लाख रुपये आता था यानि चारों जोड़ का खर्चा लगभग 6 लाख रुपये। चिरंजीवी योजना के लाभस्वरूप मरीज़ का 6 लाख रुपये बच गये साथ ही इससे आर्थिक रूप से कमजोर एवं मध्यम वर्गीय परिवार के मरीज़ों का सर्वाधिक हित हुआ है ।

## विभिन्न जिलों में बनेंगे 10 अल्पसंख्यक छात्रावास

### जयपुर में वर्किंग वुमेन हॉस्टल और जोधपुर में नागरिक सुविधा केंद्र बनेगा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश में अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों को बेहतर तालीम मुहैया कराने के लिए राज्य सरकार विभिन्न जिलों में छात्रावास खोलने जा रही है। साथ ही जयपुर के मानसरोवर में कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास और जोधपुर में अल्पसंख्यक नागरिक सुविधा केंद्र बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इनकी स्थापना सहित अल्पसंख्यक विकास कोष की राशि 200 करोड़ रुपए करने और वर्ष 2022-23 में अनुमोदित प्रगतिरत कार्यों को कोष के तहत कराए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

### 9 जिलों में बनेंगे 10 छात्रावास

**जयपुर** में किशनपोल (बालिका), दूदू, नागौर में कुचामन सिटी (बालिका), बारां, भरतपुर, बीकानेर, अजमेर, बूंदी, चित्तौड़गढ़ और चूरू में 50-50 बैड के छात्रावास बनाए जाएंगे। इनमें कुल 28 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इन छात्रावासों में कक्षा 9 से लेकर महाविद्यालय और विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी प्रवेश ले सकेंगे।

### 100 बैड का वर्किंग वुमेन हॉस्टल

मुख्यमंत्री की बजट घोषणा अनुरूप जयपुर के मानसरोवर क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदाय की कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास बनेगा। यह 100 बैड का होगा। इसमें विभिन्न जिलों से जयपुर में आकर कार्य करने वाली अल्प-पारिश्रमिक प्राप्त महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसमें 10 करोड़ रुपए व्यय होंगे।

**ANCHOR** | **चुनावी साल**

# जंबो प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा, 121 सचिव नियुक्त

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कांग्रेस ने चुनावी साल में जंबो प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की है। कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए 48 महासचिव, 21 उपाध्यक्ष, 121 सचिव बनाए हैं। 25 जिलाध्यक्ष नियुक्त किए हैं। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने प्रदेश कार्यकारिणी के पदों पर नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं। जून में 85 सचिवों की नियुक्ति रोकने के बाद अब फिर से पुराने नामों को बरकरार रखते हुए 121 सचिवों की लिस्ट जारी की है। कांग्रेस में प्रदेश कार्यकारिणी में और भी नियुक्तियां होनी हैं। उनकी लिस्ट भी जल्द जारी होने वाली है। मौजूदा प्रदेश कार्यकारिणी में केवल 39 पदाधिकारी ही थे। सचिन पायलट खेमे की बगावत के वक्त से ही जिलाध्यक्षों के पद खाली चल रहे थे। बीच में 12 जिलाध्यक्ष पहले बनाए गए थे।

### इन 21 नेताओं को बनाया उपाध्यक्ष

डॉ जितेंद्र सिंह, नसीम अख्तर इंसाफ, गजराज खटाना, हाकम अली खान, घनश्याम मेहर, भरतराम मेघवाल, जगदीश चंद्र जांगिड़, मंजू मेघवाल, वीरेंद्र बेनीवाल, हीरालाल दरांगी, हंगामी लाल मेवाड़ा, कैलाश मीणा, रतन देवासी, रामविलास चौधरी, रमेश खंडेलवाल, सुनील शर्मा, जगतार सिंह कंग, समरजीत सिंह, रफीक मंडेलिया, राजकुमार जयपाल और दर्शन सिंह।

### ललित तुनवाल प्रदेश संगठन महासचिव

ललित तूनवाल को प्रदेश का संगठन महासचिव नियुक्त किया गया है। ललितपुर तूनवाल अब तक प्रदेश सचिव थे। उधर, सीताराम अग्रवाल को प्रदेश कोषाध्यक्ष पद पर बरकरार रखा गया है।

### 48 नेताओं को बनाया प्रदेश महासचिव

प्रशांत बैरवा, राकेश पारीक, रीटा चौधरी, जियाउर रहमान, जसवंत गुर्जर, आर सी चौधरी, स्वर्णिम चतुर्वेदी, विशाल जांगिड़, देशराज मीणा, फूल सिंह ओला, राजेंद्र मूंड, प्रतिष्ठा यादव, राखी गौतम, महेंद्र सिंह गुर्जर, प्रशांत शर्मा, पुष्पेंद्र भारद्वाज, रामसिंह कस्वा, चेतन डूडी, मोहन डागर, रोहित बोरा, सुदर्शन सिंह रावत, मनोज मेघवाल, अजीत सिंह यादव, इंद्राज सिंह गुर्जर, गणेश घोघरा, पूसाराम गोदारा, अमित धारीवाल, विर म सिंह शेखावत, लाल सिंह झा, विजेंद्र सिंह सिद्धू, अमित चाचान, महेंद्र सिंह बारजोड, सुमन यादव, सफिया जुबेर, राजपाल शर्मा, गोपाल कृष्ण शर्मा, चांदमल जैन, राजेंद्र शर्मा, हरीश चौधरी, इंदिरा मीणा, मीनाक्षी चंद्रावत, मुकेश भाकर, राजेश चौधरी, सुरेश मिश्रा, अंजना मेघवाल, संजय कुमार जाटव, शिमला देवी नायक, ओमाराम मेघवाल।

### इन 121 नेताओं को बनाया प्रदेश सचिव

भूराराम सिरवी, मुकेश वर्मा, सचिन सरवटे, श्रवण राम पटेल, कैप्टन अरविंद कुमार, रघुवीर राठौड़, नरेश चौधरी, राहुल भाकर, राघवेंद्र मिर्धा, हिम्मत सिंह गुर्जर, पीएल प्रजापति, शिवलाल गोदारा, इंद्रजीत सिंह बराड़, डॉ शिखा मील बराला, मनीष मक्कासर, दयानंद बेरवाल, कैलाश पालीवाल, गब्बर सिंह मीणा, संजय यादव, सत्येंद्र मीणा, संदीप पुरोहित, ललित बोरीवाल, नारायण मेनारिया, हनुमंत सिंह शेखावत, छोटू राम मीणा, मोहित सोनी, कविता गुर्जर, राहुल तोमर, विकास नागर, मुकुल गोयल, रामलाल लील, राजेंद्र पोसवाल, गोविंदराम भार्गव,वीरेंद्र झाला, ताराचंद सैनी, योगेंद्र परमार, सुमित गर्ग, दिनेश कसवा, भीम सिंह चुंडावत, दिनेश श्रीमाली, रणधीर।लक्ष्मण सिंह गोदारा, योगेश नागर, महेश व्यास, अयूब खान, पुष्पेंद्र, विजेंद्र सिंह महला, प्रभु दयाल सैनी, रामू राम साध, अरुण कुमावत, आनंदीलाल मीणा, एस्सार अहम, दिलीप चौधरी, रामनिवास ग्वाला, चतुर सिंह, चंद्रभान सिंह राणा, आलोक पारीक, शिवकांत नंदवाना, शंकर डंगायच, रंजना शर्मा, शंकर लाल गाडरी, गोवर्धन लाल, हिमांशु कटारा, राजेंद्र प्रसाद मीणा, हंसराज मीणा, देवकीनंदन वर्मा, सरलेश सिंह राणा, सूरज शर्मा, रामनिवास कुकण, मकबूल, बृज लाल मीणा, भूपेंद्र भारद्वाज, रामस्वरूप गुर्जर, वीरेंद्र सिंह महला। हिम्मत सिंह चौधरी, रियाजत खान, अनिल बुरड़क, रामजी लाल शर्मा, संदीप शर्मा, अजय अग्रवाल, मालचंद राजपुरोहित, तारा बेनीवाल, रूबी खान, कल्पना भटनागर, अनीता मीणा, लीलावती वर्मा, सुनील लारा, देशराज पहाड़िया, धर्मराज, रंजीत सिंह, लोधी रवि जोशी। गिरिराज खंडेलवाल, आईदान भाटी, राहुल कुमार मीणा, मानवेंद्र बुडानिया, गगन वडिंग, रामदेवी बावरी, गोपाल लाल शर्मा, जगदीश चौधरी, शिव प्रकाश मीणा, अर्चना सुराणा, योगेंद्र कोचर, हरीश परिहार, विभा माथुर, गरिमा राजपुरोहित, डिंपल राठौड़, माया सुवालका, प्रवीणा मेघवाल, शबनम गोदारा, मुस्ताक खान, अमनप्रीत सिंह, शायरी साइन, आजाद सिंह राठौड़, विक्रम बाल्मीकि, नरपत मेघवाल, सुरेंद्र लांबा, संजय आदराम मेघवाल, पूजा वर्मा, अनिल चोपड़ा, आसिफ अली और रमेश महिंद्रा।

### पायलट के समर्थकों को भी जगह लेकिन गहलोत गुट का दबदबा

प्रदेश कार्यकारिणी से लेकर जिलाध्यक्षों में सियासी संतुलन बनाने का प्रयास किया गया है। सचिन पायलट समर्थक नेताओं और विधायकों को प्रदेश कार्यकारिणी में जगह दी गई है। हालांकि कार्यकारिणी और जिलाध्यक्षों में सीएम अशोक गहलोत समर्थकों की संख्या ज्यादा है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा समर्थकों को भी कार्यकारिणी में जगह मिली है।

### धारीवाल का बेटा प्रदेश महासचिव और समर्थक जिलाध्यक्ष

**यूडीएच** मंत्री शांति धारीवाल के बेटे अमित धारीवाल को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। शांति धारीवाल बेटे को अपना सियासी वारिस घोषित कर चुके हैं, अमित धारीवाल टिकट के भी दावेदार हैं। धारीवाल के समर्थक रवींद्र त्यागी को कोटा शहर का जिलाध्यक्ष बनाया है, पहले भी त्यागी ही जिलाध्यक्ष थे।

### कांग्रेस ने 25 जिलाध्यक्ष बनाए, जयपुर ग्रामीण से जिलाध्यक्ष बनने वाले गोपाल मीणा एकमात्र विधायक

**कांग्रेस** ने 25 जिलाध्यक्ष बनाए हैं, उनमें जमवारामगढ़ से विधायक गोपाल मीणा को जयपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष बनाया है। गोपाल मीणा अकेले विधायक हैं जिन्हें जिलाध्यक्ष बनाया है। बांसवाड़ा में रमेश पांडेय, भरतपुर में दिनेश सूपा, भीलवाड़ा से अक्षय त्रिपाठी, बीकानेर ग्रामीण से बिशना राम सियाग, बूंदी से सीएल प्रेमी, चित्तौड़गढ़ से भेरूलाल चौधरी,चूरु से इंद्राज खीचड़, धौलपुर में साकेत बिहारी शर्मा, डूंगरपुर में वल्लभराम पाटीदार, श्रीगंगानगर में अंकुर मगलानी,हनुमानगढ़ सुरेंद्र दादरी को जिलाध्यक्ष बनाया है। जयपुर शहर में आरआर तिवारी, जयपुर ग्रामीण में गोपाल लाल मीणा, जालौर में भंवरलाल मेघवाल, झुंझुनू में दिनेश सुंडा, करौली में शिवराज मीणा, कोटा शहर में रविंद्र त्यागी, कोटा ग्रामीण में भानु प्रताप सिंह, पाली में अजीज दर्द, सिरोही में आनंद कुमार जोशी,सवाई माधोपुर में गिरिराज सिंह गुर्जर, प्रतापगढ़ में भानु प्रताप सिंह,टोंक में हरी प्रसाद बैरवा,उदयपुर शहर में फतेह सिंह राठौड़ और उदयपुर ग्रामीण में कचरू लाल चौधरी को जिलाध्यक्ष बनाया है।

## जागरूक खबरें

### ■ वरिष्ठ पत्रकार दीपचंद पाराशर के मामा नंदकिशोर का निधन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** वरिष्ठ पत्रकार दीपचंद पाराशर के मामा एवं अखिल भारतीय पाराशर ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, पाराशर एजुकेशन फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य नंदकिशोर पाराशर केकड़ी का आकस्मिक निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा कृष्णा कालोनी से मोक्षधाम तक निकाली। मुखाग्नि पुत्र अनिल पाराशर, सुनील पाराशर, मुकेश पाराशर, भाई ब्रजराज, रामेश्वर, श्याम पाराशर ने दी। इस मौके पर अखिल भारतीय पाराशर ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी सहित समाज के लोग मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि स्व. नंदकिशोर शिक्षाविद एवं केकड़ी के सुविख्यात श्रीचारभुजानाथ मंदिर के पुजारी भी थे।

### ■ ट्रांसफेमोरल प्रोस्थेसिस फिटमेंट कार्यशाला



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** नारायण सेवा संस्थान में जर्मनी की ओटोबॉक कंपनी के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय प्रोस्थेसिस कार्यशाला का समापन हुआ। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि कम्पनी के जयपुर स्थित प्रतिनिधि कपिल प्रतिहार ने संस्थान के 20 ऑर्थोसिस व प्रोस्थेसिस तकनीशियनों को दिव्यांगों के लिए कृत्रिम अंग बनाने सम्बन्धी अधुनातन तकनीक का प्रशिक्षण दिया। संस्थान की सेन्ट्रल फेब्रीकेशन यूनिट के प्रभारी डॉ. मानस रंजन साहू ने बताया कि जिन लोगों के हादसों में घुटनों से ऊपर तक पांव कट जाते हैं, उनके लिए ट्रांसफमोरल मॉड्यूलर प्रोस्थेसिस की अत्याधुनिक फिटमेंट तकनीक पर आधारित यह कार्यशाला अधिक उपयोगी साबित होगी।

### ■ घरेलु सुरक्षा सत्र आयोजित

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** अल्ट्राटेक नाथ द्वारा सीमेंट द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थंडीबेरी मैं घरेलु सुरक्षा सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम विद्यालय प्रधान द्वारा अल्ट्राटेक से पधारे नित्यानंदजी का सम्मान किया गया। ततपश्चात नित्यानद जी द्वारा कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को जानकारी दी गई जिसमें मुख्यतः बिन्दुओं पर बात की गई दूवयस्कों की देखरेख में सड़क पार करें। आग और बिजली के उपकरणों से कभी न खेलें। स्कूल जाते समय सुरक्षा के प्रति सचेत रहें। घर पर सुरक्षा के प्रति सचेत रहें। काम करते समय सुरक्षा के प्रति सचेत रहें, सड़क पर सुरक्षा आदि। सत्र के समापन पर विद्यार्थियों द्वारा अनेको प्रश्न पूछे गए जिसका संस्था प्रधान द्वारा संतोषपूर्ण जबाव दिया गया। शाला प्रधानाचार्य द्वारा अल्ट्राटेक द्वारा किये जा रहे शिक्षा के सर्वागीण विकास हेतु सीमेंट सयंत्र प्रबंधन का आभार व्यक्त किया एवं आशा व्यक्त की गई को इसी तरह का सहयोग आने वाले समय में विद्यालय को मिलता रहेगा।

#### आवासन आयुक्त के नेतृत्व में मण्डल ने किये लीक से हटकर काम

# कोटा चौपाटी नागरिकों संग विद्यार्थियों का तनाव करेगी कम

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** स्वायत्त शासन नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शान्ति धारीवाल ने रविवार को राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा कुन्हाडी आवासीय योजना में निर्मित कोटा चौपटी का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान आयुक्त पवन अरोड़ा सहित जिले के प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### मंत्री ने की गुणवत्ता और कॉन्सेप्ट की तारीफ

**स्वायत्त** शासन मंत्री ने चौपाटी के डिजाइन, निर्माण और गुणवत्ता को देखकर काफी प्रशंसा करते हुए इसे बेहतरीन बताया। उन्होंने इसका श्रेय आवासन आयुक्त और उनकी टीम को देते हुए कहा कि आयुक्त के नेतृत्व में राजस्थान आवासन मण्डल बहुत ही अच्छा काम कर रहा है। आवासन मण्डल ने अधिशेष आवासों को बेच भी दिया है और इसके साथ ही रिकॉर्ड राजस्व भी अर्जित किया है। इसके साथ ही अर्जित राजस्व का आमजन के हित में बेहतर निवेश भी किया गया है।

### आवासन मण्डल भविष्य में होगा और मजबूत

**नगरीय** विकास मंत्री ने कहा कि राजस्थान आवासन मण्डल भविष्य में और मजबूत होगा तथा इसका विस्तार होगा। आम आदमी का सपना होता है कि खुद का घर हो, लेकिन निजी बिल्डर बहुत महंगा घर बनाते है। ऐसी स्थिति में उसे घर खरीदने में परेशानी आती है इसलिये आवासन मण्डल अपनी मूल भावना के अनुरूप उनके घर के सपने को साकार कर रहा है। अब उपखण्ड स्तर पर भी आवासन मंडल नागरिकों को आवास को सपना पूरा करने जा रहा है।

### राजस्थान आवासन मण्डल हुआ रिवाइव

**आवासन** मंत्री ने बताया कि जिस आवासन मण्डल को गत सरकार बन्द करना चाहती थी, उसे हमनें रिवाइव कर दिया है। गत 4 वर्ष के कार्यकाल में बिना बिके अधिशेष आवासों में से 17 हजार आवासों के विक्रय के साथ लगभग 2 हजार व्यावसायिक सम्पत्तियों का भी विक्रय किया है। इस अवधि में मण्डल ने लगभग 4 हजार 637 करोड रुपए का राजस्व भी अर्जित किया है। उन्होंने बताया कि पहले मंडल आवास निर्माण तक सीमित रहता था अब मंडल द्वारा पार्क, चौपाटी एवं विधायक आवास, कॉस्टीट्युशनल क्लब जैसे जनहित के कार्यों का निर्माण किया है।



### कोचिंग विद्यार्थियों का तनाव कम होगा

**समारोह** को सम्बोधित करते हुए स्वायत्त शासन मंत्री ने कहा कि कोटा चौपाटी कुन्हाडी के कोचिंग एरिया में बनी है। यह स्थानीय नागरिकों के साथ देशभर से यहां कोचिंग प्राप्त करने आने वाले विद्यार्थियों को तनाव मुक्त करने एवं स्वादिष्ट एवं पौष्टिक खान-पान के कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि यहां विद्यार्थी सुरक्षा एवं पूरी आजादी के साथ लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान आवासन मण्डल ने जयपुर शहर के तर्ज पर बहुत ही गुणवत्तापूर्ण तरीके से इस चौपाटी का निर्माण किया है। यह चौपाटी देशी-विदेशी पर्यटकों के लिये भी मुख्य आकर्षण का केन्द्र होगा। यहां पर भांति-भांति के लजीज व्यंजन एक जगह मिल जाएंगे। यह चौपाटी कोटा को नई पहचान देने के साथ ही पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में अपनी पहचान बनाएंगी। स्वायत्त शासन मंत्री ने लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों एवं पंडितों द्वारा विधि विधान पूर्वक मंत्रोचार के साथ चौपाटी का उद्घाटन किया तथा स्टॉल्स का अवलोकन कर कई व्यंजनों का स्वाद भी चखा।

### चौपाटियां आवासन मण्डल की कार्य कुशलता का अनुपम उदाहरण

**आवासन** आयुक्त पवन अरोडा ने कोटा चौपाटी और मण्डल द्वारा अर्जित उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मण्डल द्वारा विकसित यह चौपाटी आवासन मण्डल की कार्य कुशलता का अनुपम उदाहरण है। कोरोना महामारी के प्रकोप के बावजूद आवासन मण्डल ने कम से कम अवधि में परियोजना का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कर अपनी कार्यकुशलता की मिसाल प्रस्तुत की है।

### सभी तरह के मिल सकेंगे व्यंजन

**आवासन** आयुक्त ने बताया कि कोटा चौपाटी 1 हजार 985 वर्गमीटर भूमि पर विकसित की गई है। इस परियोजना की लागत 9 करोड 50 लाख रुपए आई है। यहां 17 दुकानें व 4 कियोस्क विकसित किये गये है। उन्होंने बताया कि इस चौपाटी पर देश-विदेश के लजीज व्यंजन मिलेंगे। यहां फास्ट फूड, इटेलिटन फूड, इंडियन फूड, राजस्थानी फूड, कॉन्टिनेन्टल-मैक्सिकन चाइनीज फूड, आईस्क्रीम, ज्यूसेज, शेक्स, छाछ, चाय-कॉफी दूध, लस्सी सहित तमाम खाने-पीने की चीजें मिलेंगी।

### कोटा चौपाटी में हैं ये सुविधाएं

**आयुक्त** ने बताया कि चौपाटी में बैठने की अच्छी व्यवस्था, आर.ओ. युक्त ड्रिंकिंग वाटर, आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित टॉयलेट, सी.सी.टी.वी. कैमरे, एल.ई.डी. साउण्ड सिस्टम, सेल्फी पॉइंट, वाई-फाई, ग्रीनरी, वीडियो वॉल, ऑटोमेटिक सैनेटाइजेशान मशीन, फायर फाइटिंग सिस्टम तथा दुपहिया पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह, महापौर कोटा उत्तर मंजू मेहरा, जिला कलक्टर ओपी बुनकर, आवासन मंडल सचिव अल्पा चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी, पार्षदगण बडी संख्या में आमजन उपस्थित रहें।

# प्रधानाचार्य ने बेटी का सरकारी दाता स्कूल में करवाया दाखिला

#### बोले सरकारी स्कूलों में अनेक आधुनिक सुविधाएं



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सांचौर।** सरकारी स्कूल अब किसी भी स्तर पर निजी स्कूलों से कम नहीं हैं। सरकारी स्कूल अब स्मार्ट भी हो गए हैं और वहां बच्चों को पढ़ाई के लिए सभी सुविधाएं मिल रही हैं।अभिभावक भी अब बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य रामनिवास बिश्नोई ने भी अपनी बेटी का दाखिला अपने कार्यस्थल के विद्यालय में करवाया हैं। प्रधानाचार्य रामनिवास बिश्नोई की बेटी प्रिया बिश्नोई सांचौर शहर के एक निजी विद्यालय में अध्ययनरत थी लेकिन सरकारी विद्यालयों में बढती हुई शिक्षण की गुणवत्ता को देखते हुए उन्होंने बेटी का दाखिला कार्यस्थल के विद्यालय रा.उ.मा.वि. दाता में करवा दिया। प्रधानाचार्य ने बताया की वर्तमान में सरकारी विद्यालयो में दक्ष विषय विशेषज्ञों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के साथ-साथ ढ्ढष्टञ्ज लैब जैसी आधुनिक तकनीकी एवं राजस्थान में शिक्षा के बढते कदम जैसे नवाचारो ने शिक्षण को और अधिक प्रभावी बना दिया हैं जिससे पिछले कुछ समय से सरकारी विद्यालयों का परिणाम निजी विद्यालयों की तुलना में बेहतर रह रहा हैं। वर्तमान में सरकारी विद्यालयों की तरफ भामाशाहों का रुझान भी बहुत अधिक देखने को मिल रहा हैं जिससे सरकारी विद्यालय भौतिक रूप से काफी अधिक सशक्त हो गये हैं जिससे विद्यार्थियों को हर प्रकार की सुविधाएं सरकारी विद्यालयों में प्राप्त हो रही हैं। प्रधानाचार्य ने बताया की अभिभावकों को अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सरकारी विद्यालय में दाखिला करवाना चाहिए ताकि बालक-बालिका का सर्वांगीण विकास सम्भव हो सके। इस अवसर पर प्राध्यापक लालाराम चौधरी, इंदु बिश्नोई एवं नरसी लाल सोनी, वरिष्ठ अध्यापक मनोहर लाल बिश्नोई, भेरा राम बिश्नोई,जय किशन बिश्नोई, नारायण राम भादू, मोहनलाल विश्नोई बाबूलाल, चुन्नीलाल जाणी, थानाराम गुलसन सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्रा उपस्थित रहें।

### संसार में सारा खेल पाप पुण्य का है-मुनि सुश्रुत सागर महाराज

**केकड़ी @ जागरूक जनता।** दिगम्बर रूप मुनि सुश्रुत सागर महाराज ने कहा कि किसी भी प्रकार की धन- संपत्ति, रूपया- पैसा, जमीन- जायदाद हमेशा हमारे पास रहने वाले नहीं हैं,इनकी पर्याय शाश्वत नहीं है।जो आज करोड़ पति है वो कल रोड़ पति बन सकता है और जो आज रोड़ पति है वो करोड़ पति बन सकता है। संसार में सारा खेल पुण्य पाप का है। यह शरीर एक आने वाली श्वास के ऊपर निर्भर है।सांस रूकने पर इस शरीर को बॉडी नाम देकर शीध्र ही माचिस की एक तूली की कृपा के लिए ले जाया जाता है बस तूली लगी और खेल खत्म। लेकिन शाश्वत जो अंदर विराजित जीव आत्मा है। वह जो अजर अमर है बस एक पर्याय छूटी दूसरी जगह नयी पर्याय तैयार रहती है। आत्मा को अनंत सुख में ले जाने वाला धर्म ही है।और यही हमारे साथ हमेशा रहेगा।

# एमपी बिरला हॉस्पिटल एवं सीए शाखा के मध्य एमओयू

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** सीए शाखा द्वारा 75 वें सीए दिवस के उपलक्ष में आयोजित रक्त दान षिविर व मुख्य कार्यक्रम में एमपी बिरला समूह के एमपी बिरला हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में सीए व उनके परिवार के सदस्यों के लिए छूट की घोषणा की गई। इसके लिए बिरला समूह की ओर से यूनिट हेड़ देवेश मिश्रा व हॉस्पिटल के लोकेशन हेड़ राहुल सेठी ने सीए शाखा के स्थानीय पदाधिकारियों के साथ एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किये। सीए शाखा की ओर से अध्यक्षा सीए अंकुर गोयल व सचिव पीयूष अग्रवाल ने हस्ताक्षर किये। अध्यक्षा गोयल ने एमपी बिरला समूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 75 वें सीए दिवस पर यह सहमति पत्र समाज सेवा में सदैव अग्रणी रहे एमपी बिरला समूह द्वारा सीए सदस्यों को एक बहुत ही बड़ा उपहार है। बिरला सीमेन्ट के कॉमर्शियल हेड़ योगेश काबरा ने बताया कि स्थानीय सीए शाखा की स्थापना के पश्चात् पहली बार इस प्रकार का कोई एमओयू किया गया है। कार्यक्रम विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या के मुख्य आतिथ्य एवं अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि विधायक आक्या ने कहा कि सीए वर्ग देश एवं समाज के आर्थिक विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, साथ ही उन्होंने एमपी बिरला समूह के द्वारा सीए वर्ग के लिये उठाये गये कदम की भी सराहना की। बिरला सीमेन्ट के यूनिट हेड़ मिश्रा ने कहा कि यह छूट सीए सदस्यों के साथ उनके परिवार के सदस्यों को भी मिलेगी। हॉस्पिटल के लोकेशन हेड़ ने मिलने वाली सभी छूटों व उनके लिए वांछित दस्तावेजों के बारे में आवश्यक जानकारी दी। अन्त में सीए शाखा सचिव अग्रवाल ने उपस्थित अतिथियों एवं अन्य आगन्तुकों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बच्चों को संस्कारित करने से ही उनका भविष्य उज्ज्वल होगा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पाली।** शहर के तेरापंथ भवन में 5 से 12 वर्ष के बालक बालिकाओं को संस्कारित करने के लिए आचार्य श्री महाश्रमण जी की सुशिष्या साध्वी प्रमोदश्री आदि ठाणा 5 के सानिध्य में मन्त्र दीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। साध्वी श्री ने बच्चों को मन्त्र दीक्षा देते हुए कहा कि बच्चों को बचपन से ही धार्मिक संस्कार दिए जाए तो उनका भविष्य उज्ज्वल हो सकता हैं। अधिवक्ता अरिहन्त चौपड़ा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से ज्ञानशाला के प्रशिक्षकों ने की, ज्ञानशाला के बच्चों द्वारा गीतिका का संगान किया गया । ज्ञानशाला प्रभारी हेमराज सुंदेचा, बसंत सोनीमंडिया, सज्जनराज बांठिया ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए मंत्रों के बारे में जानकारी दी। तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष सुरेश सेठिया, मंत्री पीयूष चौपड़ा, उपाध्यक्ष आनंद संकलेचा, राजेश मंरलेचा, राहुल गोलछा, रितेश संकलेचा, रोशन नाहर, विमल नाहाटा, विमल लुक्कड़, विक्रम सालेचा, विनोद लुक्क ड़, जितेंद्र नाहाटा, माणक संकलेचा, संतोष संकलेचा व युवा साथियों, श्रावक-श्राविकाओं के सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। मन्त्र दीक्षा कार्यक्रम के प्रायोजक श्रद्धानिष्ठ श्रावक स्व. भेरूलाल संखलेचा, रेशमी देवी संखलेचा परिवार द्वारा बालको को मन्त्र दीक्षा किट भेट किया गया ।

#### मुख्यमंत्री गहलोत ने ट्वीट कर जाहिर की खुशी, लिखा- अब संख्या बढ़कर 30 हो गई

# सरिस्का में दो शावकों के साथ दिखी टाइग्रेस ST-19

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**अलवर।** जिले में स्थित सरिस्का टाइगर रिजर्व में टाइग्रेस ST-19 अपने दो शावकों के साथ नजर आई है। सरिस्का के वन क्षेत्र में लगाए गए ट्रैप कैमरा की तस्वीरों में टाइग्रेस अपने दो शावकों के साथ बफर जोन में घूमती हुई नजर आई है। शावकों की उम्र करीब तीन से चार महीने की बताई जा रही है। इसमें बाद वन विभाग ने शावकों की सुरक्षा के लिए प्रबंध करना शुरू कर दिया है। टाइग्रेस और शावकों पर लगातार नजर रखी जाएगी।

CM अशोक गहलोत ने भी ट्वीट कर खुशी जाहिर की। CM ने लिखा कि 'वन में नव जीवन, सरिस्का टाइगर रिजर्व से 2 शावकों के जन्म का सुखद समाचार मिला। अब सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़कर 30 हो गई है। पर्यावरण हेतु महत्वपूर्ण बाघों के संरक्षण हेतु सरकार प्रतिबद्ध है।'दरअसल, सरिस्का बाघ परियोजना के अलवर बफर रेंज के बारालिवारी वन क्षेत्र में मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक आरएन मीणा के कार्यालय वाले बफर वन क्षेत्र में पिछले साल 5 जनवरी को बाघिन एसटी-19 की दो बाघ शावकों के साथ पहली बार नजर आई थी। अब करीब डेढ़ साल बाद एक बार फिर एसटी 19 ने दो शावकों को जन्म दिया है। इनकी आज कैमरा ट्रेप में फोटो आई है।

राजस्थान स्टेट वाइल्डलाइफ बोर्ड के सदस्य धीरेंद्र के गोधा ने बताया- राजस्थान में टाइगर की संख्या में हुआ इजाफा प्रदेशवासियों के साथ देश के वन्यजीव प्रेमियों के लिए खुशी की खबर है। राजस्थान सरकार द्वारा टाइगर्स के संरक्षण के लिए किए जा रहे काम का ही नतीजा है कि लगातार प्रदेश में वन्यजीवों की संख्या में इजाफा हो रहा है। इससे राजस्थान के पर्यटन को भी बूस्टअप मिलेगा।

### विश्व जनसंख्या दिवस : कॉलेज में हुआ आयोजन, प्राचार्य ने कहा- बढ़ती जनसंख्या देश के लिए घातक

**पीपाड़ शहर @ जागरूक जनता।** राजकीय महाविद्यालय पीपाड़ शहर में निर्वाचन आयोग के निर्देशन में जनसंख्या दिवस पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने कविता, आशुभाषण, पोस्टर, के माध्यम से लोगों को इस बारे में जागरूकता संदेश दिया। इस मौके पर महाविद्यालय प्रभारी डॉक्टर संदीप कच्छावाह ने मतदाताओं को जागरूक करने की शपथ दिलाई। और 18 वर्ष से ऊपर युवाओं से वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने की अपील की। इस दौरान महाविद्यालय स्टाफ और छात्र मौजूद रहें।



# चित्तौड़गढ़ के पाण्डोली में पन्नाधाय पैनोरमा का निर्माण शुरू

#### राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण अध्यक्ष के कर कमलों से हुआ भूमि पूजन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा 2023-24 की क्रियान्विति में चार करोड़ की लागत से चित्तौड़गढ़ जिले के पाण्डोली में बनने वाले पन्नाधाय पेनोरमा का निर्माण कार्य शुरू हो गया है।

उल्लेखनीय है कि विगत 4 मई को मुख्यमंत्री ने इस पेनोरमा का वर्चुअल शिलान्यास किया था, जिसके उपरांत सोमवार को राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत द्वारा मां पन्नाधाय के पेनोरमा का भूमि पूजन संपन्न कर पूजित शीला की नींव रखी। इस अवसर पर जाड़ावत ने कहा कि लंबे समय से पन्नाधाय पैनोरमा बनाने की मांग थी, जो आखिरकार अब पूरी होने जा रही है। इससे त्याग एवं बलिदान की प्रतिमूर्ति मां पन्नाधाय के जीवन मूल्यों और उनके धर्मनिष्ठा योगदान को बड़े स्तर पर पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि जनमानस में मां पन्नाधाय के प्रति अगाध श्रद्धा है। पैनोरमा बनने से उनकी ख्याति देश-दुनिया में पहुंचेगी और हमारी सांस्कृतिक, विरासत और धरोहर को नई पहचान मिलेगी। उन्होंने बताया कि मुख्य पैनोरमा भवन के साथ-साथ एक सभागार, हॉल, पुस्तकालय, प्रवेश द्वार, छतरी, स्कल्पचर्स, ऑडियो-वीडियो सिस्टम, शिलालेख तथा विभिन्न आर्ट वर्क सहित अनेक कार्य करवाए जाएंगे। राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टीकम चन्द बोहरा ने कहा कि पैनोरमा के माध्यम से दर्शकों को पन्नाधाय के संपूर्ण गौरवशाली इतिहास को जानने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि पनोरमा में महा बलिदानी पन्नाधाय के जन्म से लेकर अपने पुत्र चंदन के बलिदान की गाथा को टू डी व थ्री डी फाइबर मार्बल गनमेटल मूर्तियों तथा प्रिंट आदि से दर्शाया जायेगा।

उन्होंने बताया कि पैनोरमा परिसर में महा बलिदानी पन्नाधाय की गनमेटल की विशाल प्रतिमा भी लगाई जाएगी। प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता सुरेश स्वामी ने बताया कि पनोरमा का कार्य आठ माह में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पैनोरमा निर्माण हेतु पाण्डोली में सात बीघा भूमि जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष यूआईटी द्वारा धरोहर प्राधिकरण को आवंटित की गई है।

ANCHOR
समता आन्दोलन समिति

# राज्यपाल एवं मुख्य न्यायाधीश के नाम उपखंड अधिकारी को सोपा ज्ञापन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**भरतपुर।** समता आंदोलन समिति भुसावर शाखा के सदस्यों द्वारा राजस्थान के माननीय राज्यपाल, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है! स्थानीय समता आन्दोलन समिति शाखा के अध्यक्ष महेश चन्द जती की अगुवाई में सोपे गये ज्ञापन में बताया गया है कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के अनुसार राजस्थान की वर्तमान सरकार के मुख्यमंत्री को संवैधानिक शपथ का उल्लंघन करने से रोकने की मांग की गई है! ज्ञापन में 22 जून 23 को राजस्थान पत्रिका मैं प्रकाशित खबर का हवाला देते हुए बताया गया है कि राज्य को किसी भी पिछड़ा वर्ग समुदाय या जाति को अनुच्छेद 16(4) के अधीन आरक्षण देने का अधिकार तभी मिलता है जब वह राज्य( स्टेट ) संख्यात्मक आंकड़ों से उस पिछड़े वर्ग समुदाय या जाति का सरकारी नौकरियों में अपर्याप्त प्रतिनिधित्व प्रमाणित कर देती है! इसके साथ ही संख्यात्मक आंकड़ों से यह भी प्रमाणित कर दिया जाता है की उस वर्ग समुदाय या जाति को सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने से शक्ल प्रशासनिक दक्षता को की सुरक्षा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा माननीय सुप्रीम कोर्ट कि 9 सदस्य संविधान पीठ द्वारा इंदिरा साहनी के प्रकरण में दिए गए निर्णय और संविधान के अनुच्छेद 16(4 ) बी के प्रावधान अनुसार यह सुनिश्चित वैधानिक बाध्यता है कि अनुच्छेद 16(4) के अधीन कुल आरक्षण की सीमा 50% से अधिक नहीं हो सकती है! इसी संवैधानिक बाध्यता के कारण केंद्र सरकार को ईडब्ल्यूएस आर्थिक कमजोर वर्ग को आरक्षण देने के लिए संविधान में संशोधन करके एक नया अनुच्छेद 16(6 )जोड़ना पड़ा, यह भी सुनिश्चित संवैधानिक प्रावधान है की अनुच्छेद 16(4) के अभी आरक्षण संख्या के अनुपात में नहीं वर्णन केवल पर्याप्त प्रतिनिधित्व के लिए ही दिया जा सकता है !यह भी सर्वविदित सत्य है कि पिछड़ा वर्ग का राजस्थान राज्य की नौकरियों में प्रतिनिधित्व पर्याप्त के दुगने से भी अधिक हो चुका है संवाददाता प्रावधानों के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण तत्काल बंद होना चाहिए! ज्ञापन में वर्तमान मुख्यमंत्री पर वर्ष 2019 में घृणित जातिवादी राजनीति का उल्लेख करते हुए एमबीसी के नाम पर 5% आरक्षण देते वक्त संवैधानिक प्रावधानों एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय की अनेक संविधान पीठों के वाद्यकारी निर्णयों की जानबूझकर अवहेलना की गई जो प्रकट है! उनके द्वारा ली गई संवैधानिक शपथ का अक्षम्य और आपराधिक लंदन है ज्ञापन में माननीय राज्यपाल द्वारा सार्वजनिक रूप से शपथ दिलाए जाने का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री की संवैधानिक का पर प्रकाश डाला गया है।

## जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर दिया धरना

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर जनसंख्या समाधान फाउण्डेशन के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर धरने के पश्चात् जिला कलक्टर को जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर 23 सितम्बर को दिल्ली कूच के संबंध में ज्ञापन सौंपा। फाउण्डेशन कार्यकर्ताओं ने जनसांख्यिकीय असंतुलन के कारण देश में संभावित गृहयुद्ध को रोकने के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष सज्जनसिंह शेखावत ने बताया कि जिले सहित देशभर के कार्यकर्ता अपने जिलों से कानून की मांग के समर्थन में हस्ताक्षरित समर्थन पत्रक लेकर दिल्ली-गाजियाबाद बॉर्डर स्थित कैम्प पर एकत्रित होंगे जहां से 23 सितम्बर प्रातः 9 बजे प्रधानमंत्री कार्यालय दिल्ली की ओर रैली के रूप में कूच किया जाएगा। जनसंख्या फाउण्डेशन जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर पिछले 9-10 वर्षों से कार्यरत है। जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक व अन्य संगठनों के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### बीजेपी की विजय संकल्प बैठक

# प्रदेश भर में होंगी परिवर्तन यात्राएं, 1 अगस्त को जयपुर में बड़े प्रदर्शन की तैयारी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**सवाईमाधोपुर।** सवाई माधोपुर में बीजेपी के दिग्गज नेताओं की दो दिवसीय विजय संकल्प बैठक का बीते दिनों समापन हुआ। जिसमें राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान चुनावी जंग जीतने पर चर्चा हुई। बैठक में भाजपा के दिग्गजों को जीत के मंत्र का पाठ पढ़ाया गया। भाजपा की इस चिंतन बैठक को विजय संकल्प का नाम दिया गया। बैठक का प्रमुख एजेंडा विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत की रूपरेखा तय करना था। वहीं सवाई माधोपुर में बैठक आयोजित करने के पीछे भी पूर्वी राजस्थान को फोकस करने के तौर पर देखा जा सकता है। पूर्वी राजस्थान में पिछले विधानसभा चुनावों में बीजेपी का सफाया हो गया था। यहां से बीजेपी ने केवल 1 सीट जीती थी।धौलपुर से बीजेपी के टिकट पर जीती शोभारानी कुशवाह ने राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में क्रॉस वोटिंग कर दी थी। ऐसे में उन्हें बीजेपी से निष्कासित कर दिया गया था।

**प्रदेश में होंगी परिवर्तन यात्राएं, 1 अगस्त को जयपुर में बड़ा प्रदर्शन**

बीजेपी की विजय संकल्प बैठक में बड़ा निर्णय लिया गया। इस दौरान चर्चा में प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से परिवर्तन यात्राएं निकालने की बात की गई निकाली जाएगी। जिसमें सामूहिक नेतृत्व पर यात्राएं आयोजित होंगी। इसमें कांग्रेस के खिलाफ हर स्तर पर आंदोलन करने का निर्णय किया गया।विजय संकल्प बैठक में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत किए जाने पर चर्चा की। साथ ही प्रत्येक बूथ पर नए कार्यकर्ताओं को जोड़े जाने पर चर्चा हुई। वहीं बैठक में आगामी 1 अगस्त को राजधानी जयपुर में सरकार के खिलाफ बड़े प्रदर्शन की घोषणा भी की गई।

**नेताओं ने किए त्रिनेत्र गणेश मंदिर के दर्शनः** इससे पहले रविवार को सवाई माधोपुर पहुंचे नेताओं ने त्रिनेत्र गणेश मंदिर में दर्शन किए। रविवार शाम को प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, प्रभारी अरूण सिंह व केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने त्रिनेत्र गणेश मंदिर में दर्शन किए।वहीं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, सांसद किरोड़ीलाल मीणा, पूर्व भाजपा अध्यक्ष सतीश पूनिया ने त्रिनेत्र गणेश मंदिर में दर्शन किए।

# सरिता को थाईलैण्ड काव्य गौरव एवं अन्तर्राष्ट्रीय थाई भारत गौरव सम्मान

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** "थाईलैण्ड काव्य गौरव सम्मान "एवं "अन्तर्राष्ट्रीय थाई भारत गौरव सम्मान से सम्मानित होकर डॉ सरिता ही नही हम सभी अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे है इस सम्मान के लिए साहित्य संचय शोध संवाद फाउंडेशन, दिल्ली, थाई भारत कल्चरल लॉज बैंकॉक, थाईलैण्ड हिंदी परिषद बैंकॉक, के प्रति डॉ सरिता ने सभी आयोजन कर्ता का अनन्त गहराइयों से आभार व्यक्त किया।

इस विषय में डॉ सरिता ने बताया कि किस प्रकार भारत की संस्कृति साहित्य थाईलैंड के भीतर समाई हुई है और किस प्रकार दोनों देशो की अलग-अलग भाषाएं होने के बावजूद भी दोनों देश संस्कृति और साहित्य के माध्यम से जुड़े हुए हैं,यही कारण है कि भारत और थाईलैंड के रिश्ते बहुत पुराने हैं और ये दोनों देश एक दूसरे के बहुत पूरक है चाहे वह व्यापार के जरिए हो या भगवान श्रीराम और भगवान बुद्ध के जरिए। कैसे थाईलैंड की धरती पर रामायण ग्रंथ एवं पात्रों का प्रभाव दिखता है चाहे वह यहां की राजधानी हो जिसका नाम राम भगवान की जन्म भूमि के नाम पर रखा गया है यहां के मुख्य रास्तों, जिनका नाम रामायण के पात्रों के नाम पर रखा गया है।

"डॉक्टर सरिता ने बताया कि बहुत प्रफुल्लित एवं बेहद उत्साहित है उन्होंने बताया कि माता पिता ईश्वर के आशीर्वाद से, गुरुजनों माता पिता के सान्निध्य से, परिवार जनों एवं मित्रों के सहयोग से उनको इतनी बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई और यह उनका सबसे बड़ा सपना साकार हुआ। डॉक्टर सरिता ने आगे कहा कि वह इसी प्रकार हिंदी साहित्य की सेवा करती रहेगी और इसी प्रकार हिंदी का झंडा देश विदेश में फैलाती रहेंगी। यह उनका दृढ़ संकल्प है और हिंदी के प्रति उनका आत्मसमर्पण है। और इस के उपलक्ष में डॉक्टर सरिता को देश-विदेश से प्रोफेसर एवं साहित्यकारों से बहुत बधाइयां एवं आशीर्वाद मिल रहे हैं वह इसी प्रकार हिंदी के प्रति निरंतर कार्यरत रहें यही हमारी मंगल कामना है। साथ यह भारतीय संस्कृति का गुणगान करते हुए विश्व के विभिन्न प्रदेशों के समाज और संस्कृति को भी अपने में समेट रहा है। जिस कारण अन्य भाषाएँ भी हिंदी के वैश्विक रूप को देखते हुए हिंदी साहित्य को चरितार्थ कर रही हैं।

# रक्तदान शिविर में 138 लोगों ने किया रक्तदान



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**खारिया खंगार।** बिरला व्हाइट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुज कुमार शर्मा के मार्गदर्शन मे चलाए जा रहे कार्यक्रम के अन्तर्गत शनिवार 08 जुलाई 2023 को बिड़ला व्हाइट द्वारा आदित्य बिड़ला कम्युनिटी इनिशिएटिव एंड रूरल डेवलोपमेन्ट सेन्टर के तत्वावधान में आदित्या बिड़ला हेल्थ केयर सेंटर खारिया खंगार में रक्त दान शिविर का आयोजन सीएसआर विभाग खारिया खंगार की ओर से आयोजित किया गया।

बिड़ला व्हाइट टीम के साथ मथुरा दास माथुर अस्पताल जोधपुर के सहयोग से इस रक्तदान शिविर को आयोजित किया था। जिसमें कुल 138 लोगो ने ब्लड डोनेट किया। बिड़ला व्हाइट में अब तक आयोजित किये गए ब्लड डोनेशन कैम्प में यह पहली बार हुआ कि 125 से अधिक लोगो ने रक्तदान किया। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुज कुमार शर्मा एफ एच आर एण्ड डी, डॉक्टर राजेश कुमार सिंह, एफ एच आई. टी नरेन्द्र जकेटिया ने शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि अनुज शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है, इसलिए समय-समय पर सभी को रक्तदान करना चाहिए। दान किए गए रक्त से कई लोगों की जिंदगी बच सकती है। रक्तदान शिविर के समाप्ती पर सभी रक्तदाताओं को गिफ्ट दे कर सम्मानित किया गया।

मेहराम गहलोत ने बताया की सभी युवावर्ग को रक्तदान के महत्व को विस्तार से बताया और शिविर के दौरान इस अवसर पर रामभरोस चौधरी, रोहित, आकाश दाधीच, आशीष, दिनेश, ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और प्रथम बार रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है बल्कि साथ-साथ में कुछ व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है, क्योंकि यह किसी भी रक्तदाता को पता नहीं होता कि उसके द्वारा दान किया गया रक्त कितने जरूरतमंद व्यक्ति को मिल रहा है। गांव के समाजसेवियों, संयत्र के श्रमिक गण सहित अन्य लोगों ने भी रक्तदान किया। इस दौरान बिरला व्हाइट के हेल्थ सेन्टर से सी एम ओ डॉक्टर रविन्द्र कुमार, डॉक्टर गीत रंजन शर्मा, सी एस आर हेड एस चंदा, विभागाध्यक्ष पी एण्ड आई आर, आशीष रस्तोगी, विभागाध्यक्ष एच आर प्रभात चंद्रा राय, सिक्युरिटी विभाग के हेड एम. बोबो सिंह, सीएसआर विभाग के ग्रामीण विकास अधिकारी रामकुमार सिंह शेखावत, अरुण कुमार एवं गांव से आये हुए ग्रामीणजन मौजूद रहे।

बिड़ला व्हाइट के ग्रामीण विकास विभाग और मथुरा दास माथुर हॉस्पिटल जोधपुर से पधारे डॉक्टर. संजय शर्मा, महेश मीना,सुशील हर्ष एवं उनकी टीम को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

## जागरूकता रैली को किया रवाना



**चित्तौडगढ़ @ जागरूक जनता।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर चिकित्सा स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण विभाग एंव मेवाड़ गर्ल्स इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग चित्तौड़गढ़, एमईएस हॉस्पिटल गांधीनगर के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनसंख्या दिवस पर छात्राओ द्वारा जनसंख्या के बढते आंकडे जटिल समस्याओ की ओर ईशारा कर रहे है। जनसंख्या वृद्धि एक अभिषाप है, इसे रोकना अत्यन्त आवश्यक है। वृद्धि विकास की यात्रा में रूकावट है के विषय मे विचार व्यक्त किये गये।छात्राओ एवं क्षैत्र की आषा सहयोगिनीयो के द्वारा जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। छात्राओ की रैली नारो के उद्घोष के साथ कच्ची बस्ती होते हुए पुनः कॉलेज पहुची। रैली को डॉ जोगेष भारद्वाज, उपमुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) चित्तौडगढ, डॉ.एल.एल.शर्मा निदेषक मेवाड़ गर्ल्स कॉलेज, डॉ. अरविन्द सनाढ्य, डॉ. प्रतिभा सनाढ्य स्त्री रोग विषेषज्ञ ने हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। इस मौके पर खुषवन्त कुमार हिण्डोनिया, नरपत सिह, डॉ मुनैष बैरवा, अनिल शर्मा यूपीएम, कमलेष पटवा पीएचएन व शफीक ईकबाल शैख उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि आज

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** राजकीय महाविद्यालय घोसुंडा में स्नातक बीए प्रथम वर्ष में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की आज अंतिम तिथि है। महाविद्यालय प्रभारी अधिकारी धर्मपाल गोयल ने बताया कि बीए प्रथम वर्ष के 2 सैक्शन में एडमिशन हेतु कुल 160 सीटें हैं, जिनके लिए विद्यार्थी 12 जुलाई तक ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। महाविद्यालय में इतिहास, भूगोल, समाज शास्त्र, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, हिंदी साहित्य तथा अंग्रेजी साहित्य विषय पठन हेतु उपलब्ध होंगे। इस हेतु विद्यार्थियों को जनाधार, आधार कार्ड, दसवीं, बारहवीं की अंक तालिका, चरित्र प्रमाण पत्र, जाति एवं आय प्रमाण पत्र तथा स्वयं के फोटो की आवश्यकता होगी। वरीयता सूची व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 17 जुलाई को होगा। 22 जुलाई तक विद्यार्थी अपने दस्तावेज सत्यापित करा सकते हैं।

## भारत-वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज आज से

**आइलैंड @ जागरूक जनता।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच 12 जुलाई से रोसो आइलैंड में पहला मुकाबला खेला जाना है। इस सीरीज के साथ ही दोनों टीमें वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के अगले राउंड (2023-25) का आगाज करेंगी। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम इस सीरीज में एकतरफा अंदाज में जीत हासिल करने की दावेदार बताई जा रही है। कारण साफ है। टेस्ट क्रिकेट में दोनों टीमों के स्तर में फासला अब बहुत बढ़ गया है। भारतीय टीम इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ दुनिया की टॉप-3 टीमों में है। वहीं, खेल की क्वालिटी के हिसाब से वेस्टइंडीज की हैसियत अब आयरलैंड और अफगानिस्तान से भी कम होती जा रही है।आज लगातार गर्त में जा रही वेस्टइंडीज टीम की स्थिति हमेशा ऐसी नहीं रही थी।




ANCHOR | श्री महावीर जैन मंडल

# जैन संत साध्वियों की सुरक्षा की उठाई मांग

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** समग्र जैन समाज की प्रतिनिधि संस्था श्री महावीर जैन मंडल ने गत 6 जुलाई को कर्नाटक में बैंगलौर जिले के चिक्कोडी तालुका के हीरे कोड़ी ग्राम से जैन आचार्य 108 श्री कामकुमार नंदी के अपहरण और उसके बाद उनकी नृशंस हत्या करने की घटना के विरोध में समस्त जैन समाज की ओर से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, कर्नाटक सरकार के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर के माध्यम से दिया गया। अति कलेक्टर अभिषेक गोयल को मंडल अध्यक्ष डॉ आई एम सेठिया, रणजीत सिंह नाहर, संपत डांगी, अशोक मेहता, चंद्र सिंह कोठारी, ललित सेठिया, अजीत ढिलीवाल, पारस जैन, अशोक नाहर, गोतम पोखरना, महेंद्र टोंग्या, कमल जैन, ज्योति चंडालिया, एवंत मेहता आदित्य नागोरी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में दिगंबर जैन संत पूज्य आचार्य कामकुमार नंदी म सा की नृशंस हत्या का संपूर्ण जैन समाज की ओर से कड़ा विरोध करते हुए अपराधियों को कठोर दंड देने की मांग की गई। ज्ञापन में देश भर में अहिंसा का संदेश देने वाले जैन संतो की सुरक्षा हेतु विशेष व्यवस्था करने की मांग भी की गई। इस घटना से देश भर के जैन समाज में रोष व्याप्त हो गया है। पूज्य संत विगत 15 वर्षों से नन्दी पर्वत आश्रम में ही रह रहे थे। ज्ञापन में कहा गया कि सभी सम्प्रदाय के जैन साधु देशभर में पैदल यात्रा कर जन-जन को अहिंसा का संदेश देते है। ज्ञापन में सकल जैन समाज द्वारा भारत सरकार से मांग की गई कि अहिंसा का संदेश देने वाले जैन संत की हत्या करने वाले अपराधियों पर तुरन्त प्रभाव से कठोर कार्यवाही कर कड़े से कड़ा दण्ड दिया जाए। जैन समाज के महिलाओं, युवाओं और समाज जनों का विशाल समूह कलेक्ट्रेट चौराहा पर एकत्रित हुआ जिनमें हस्तीमल चंडालिया, ऋषभ लाल सुराणा, अंगुरबाला भड़कत्या, प्रमिला बड़ाला, सरोज नाहर, विमला सेठिया, मधु मद्वा, नम्रता गदिया, तेजा नाहर, विपिन नाहर, मुकेश नाहटा, सुरेश डांगी, राज कुमार बज, सी एम बोकडिया, सुरेश मेहता, सुधीर, सुनील, प्रकाश, प्रदीप, प्रवीण, कल्पना, नवीन, विजय, अंकुर, उमा सहित पदाधिकारी, सदस्यगणों और समाज जनों ने जैन संत आचार्य कामकुमार नंदी की नृशंस हत्या के विरोध में नारेबाजी करते हुए मानव श्रंखला बनाकर विरोध जताया।

**विधायक आक्या ने की निंदा**

**विधायक** चंद्रभानसिंह आक्या ने कर्नाटक के बेलगाम में हाल ही में जैन मुनि कामकुमार नंदी महाराज की नृशंस हत्या की घोर निंदा की है। उन्होने कहां कि जैन मुनि हमेशा से ही अहिंसा को अपना सबसे बड़ा धर्म मानते हुए इसका व्यापक प्रचार प्रसार करते है, ऐसे जैनाचार्य के शरीर को कई भागो में काटकर फेक देना तालीबानी सोच को प्रदर्शित करता है। ऐसा कृत्य भारत जैसे देश जहां प्रत्येक व्यक्ति को धार्मिक स्वतंत्रता प्राप्त है, ऐसे देश में ऐसी हृदय विदारक घटना करना असहनीय है।

## जल प्रवाह ने रोकी रफ्तार




जागरूक जनता @ राजधानी में सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश के बाद पूरा जयपुर जाम हो गया @ अजमेर रोड। **फोटो - रवि गौतम**

# घरों में भरा पानी, पार्षद ने दिया धरना

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net




**जयपुर।** राजधानी जयपुर में बारिश के चलते हाइवे, सड़को, व कॉलोनी में जगह जगह पानी भर गया है वही जयपुर के अजमेर रोड स्थित कमला नेहरू नगर की केसरी चंद चौधरी नगर में पानी भरने से घरो के लोगो के घुटनो तक पानी भर गया। जिस कारण स्थानीय भाजपा पार्षद गणेश नारायण जाट व कॉलोनीवासियों ने मिलकर बारिश के पानी में खड़े रहकर व कॉलोनी की सड़को पर बैठकर राज्य सरकार के खिलाफ धरना दिया। वही कॉलोनी के गुस्साए लोगो ने मोके का जायजा लेने पहुंचे कांग्रेस सरकार के सांगानेर विधानसभा प्रत्याशी पुष्पेंद्र भारद्वाज का हाथ पकड़कर अपने अपने घर में भरे हुए पानी को दिखाया। वही कॉलोनी के ऋषिराज सिंगल ने बताया की बारिश के कारण लोगो को कई तरह की समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है लोगो के घरो के अंदर पानी भर जाता है सड़को और घरो में इतना पानी भर जाता है की लोग घर के बहार नहीं निकल पाते। पानी की निकाशी नहीं होने के कारण लोगो को प्रतिदिन इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वही पुष्पेंद्र भारद्वाज ने कहा की आज लोगो की समस्याएं देखी यहाँ के लोग नारकीय जीवन जी रहे इस तरह की जो लोगो को समस्याए हो रही है उसका कारण सिर्फ हमारे चुने हुए जनप्रतिनिधि है यहाँ सांगानेर का दुर्भाग्य है जो बीजेपी के नाकारा विधायक जीतकर जा रहे है उन्हें लोगो की समस्याओ से किसी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है और न ही मोके पर आकर समस्याओ को देखते है। ग्रेटर के वार्ड 67 के पार्षद गणेश नारायण जाट ने कहा की सरकार की तरफ से नुमाइंदे आकर बार बार समस्याए देखकर चले जाते है लेकिन वार्ड में आजतक एक ईंट भी नहीं लगाई है। विधायक अशोक लाहोटी ने पानी की तुरंत पानी की निकासी के लिए निगम से टैक्टर मोटर पंप बुलाकर सड़को से पानी निकलवाया। जिससे लोगो को थोड़ी राहत मिली।

### रेल मंत्री बोले- नया कलर तिरंगे से प्रेरित, नई ट्रेन में 25 बदलाव भी किए गए

# केसरिया रंग की होगी वंदे भारत ट्रेन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**चेन्नई।** रेलवे ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का रंग बदल दिया है। ब्लू की जगह अब से केसरिया रंग होगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि नया रंग तिरंगे से प्रेरित है। इसके अलावा वंदे भारत ट्रेन में सुविधा के हिसाब से 25 छोटे-छोटे बदलाव भी किए गए हैं। यात्रियों और एक्सपर्ट्स ने इसके लिए सुझाव दिए थे। देशभर में अभी 25 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही हैं। 2 ट्रेनों को रिजर्व में रखा गया है। 28वीं ट्रेन को ट्रायल बेसिस पर केसरिया रंग दिया गया है। यह ट्रेन अभी चेन्नई के इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में रखी हुई है। इसी फैक्ट्री में सभी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को बनाया जाता है। अश्विनी वैष्णव ने बीते दिनों फैक्ट्री का इंस्पेक्शन किया। उन्होंने दक्षिणी रेलवे के सुरक्षा उपायों की समीक्षा भी की। रेल मंत्री ने कहा कि ये मेक इन इंडिया का कॉन्सेप्ट है। यह हमारे देश के इंजीनियर और टेक्नीशियन्स द्वारा डिजाइन की गई है। हमने वंदे भारत ट्रेनों में फील्ड यूनिट्स से मिल रहे फीडबैक के हिसाब से बदलाव किए हैं। अश्विनी वैष्णव ने एक नए सेफ्टी फीचर 'एंटी क्लाइंबिंग डिवाइस' का भी इंस्पेक्शन किया। इस फीचर के होने से एक्सीडेंट होने की स्थिति में ट्रेन एक-दूसरे के ऊपर नहीं चढ़ेंगी। उन्होंने बताया कि सभी वंदे भारत और दूसरी ट्रेनों में भी ये स्टैंडर्ड फीचर रहेंगे।

**जनरल कोच को भी एडवांस बनाया जा रहा**

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि रेलवे बिना रिजर्वेशन वाले पैसेंजर्स के लिए भी एडवांस्ड फीचर वाले कोच बनाने पर काम कर रहा है। इससे कम कमाई वाले लोग भी अच्छी क्वालिटी और कंफर्ट वाली सुरक्षित ट्रेनों में सफर कर पाएंगे।

**मोदी ने दिखाई जोधपुर-साबरमती ट्रेन को हरीझंडी**

**जयपुर।** प्रदेश की दूसरी और जोधपुर से अहमदाबाद (साबरमती) के बीच पहली 'वंदे भारत एक्सप्रेस' ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोरखपुर से वर्चुअल कार्यक्रम के जरिए हरी झंडी दिखाई। हालांकि प्रधानमंत्री के इंतजार में ट्रेन निर्धारित समय से करीब एक घंटा देर से रवाना हुई। जोधपुर से रवाना हुई वंदे भारत में रेलवे ने पास के आधार पर यात्रा करवाई। ऐसे में हालात ये हो गए कि लोगों ने खड़े-खड़े सफर किया। जोधपुर स्टेशन पर मुख्य कार्यक्रम में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत मौजूद रहे, राज्यपाल कलराज मिश्र व सीएम अशोक गहलोत वर्चुअल जुड़े।
**दिसंबर तक जोधपुर में पूरी तरह इलेक्ट्रिक इंजन पर ट्रेनें-** शेखावत ने कहा- दिसंबर तक जोधपुर में पूरी तरह इलेक्ट्रिफिकेशन हो जाएगा। डीजल इंजन बंद हो जाएंगे। जोधपुर स्टेशन के पुनर्विकास और एयरपोर्ट विस्तार के लिए अगले माह पीएम जोधपुर आ सकते हैं। उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशिकिरण ने बताया- उद्घाटन ट्रेन का ठहराव भगत की कोठी, पाली मारवाड़, मारवाड़ जंक्शन, फालना, जवाई बांध, आबूरोड, पालनपुर व मेहसाणा स्टेशन पर रहा। ऐसा क्रेज...तेज बारिश के बावजूद जोधपुर स्टेशन पर मुख्य कार्यक्रम देखने शहरवासी खूब उमड़े। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने ट्रेन के साथ सेल्फी ली।

**वंदे भारत में होने वाले कुछ अहम बदलाव**

- सीट में बेहतर कुशन लगाए गए हैं और उसका एंगल भी ठीक किया गया है।
- मोबाइल चार्जिंग पॉइंट्स तक पहुंच बेहतर की गई है।
- एग्जीक्यूटिव चेयर कार में फुट रेस्ट बढाया गया है।
- वॉश बेसिन की गहराई बढ़ाई गई है, जिससे पानी के छींटे न पड़ें।
- टॉइलेट्स में बेहतर लाइटिंग की गई है।
- रीडिंग लाइट में सुधार किया गया है।

**25% तक घटेगा किराया**

रेलवे बोर्ड ने वंदे भारत समेत सभी ट्रेनों के AC चेयर कार और एग्जीक्यूटिव क्लास के किराए में 25% तक की कटौती करने का ऐलान किया है। यह रियायती दरें केवल उन ट्रेनों में लागू होंगी जिनमें पिछले 30 दिनों के दौरान 50% सीटें ही भर पाई थीं। ट्रेनों का किराया कॉम्पिटिटिव मोड ऑफ ट्रांसपोर्ट पर भी निर्भर करेगा। रेल मिनिस्ट्री ने AC सीटों वाली ट्रेनों में रियायती किराया योजनाएं शुरू करने के लिए रेलवे जोन्स के चीफ कमर्शियल मैनेजर्स को पावर दी है। वे अपने जोन में किराया तय कर सकेंगे। इसमें रिजर्वेशन चार्ज, सुपर फास्ट सरचार्ज, GST आदि अलग से लगाए जाएंगे।

# पाराशर की संत दर्शन यात्रा : सनातन से जुड़ रहे युवा

**» जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**सवाई माधोपुर।** विप्र संवाद ब्राह्मण समाज एवं संत दर्शन यात्रा के राष्ट्रीय संयोजक मनोज पाराशर द्वारा देश भर में सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार तथा युवाओं में राष्ट्रवादी विचारधारा को प्रबल करने की भावना से चलाई जा रही संत दर्शन यात्रा चर्चाओं में है। गोरतलब है की पाराशर संत दर्शन यात्रा से देश भर के प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा कर वहा के जगतगुरुओ महंतजनों पीठाधीश्वर ओ संत जनों के दर्शन कर सनातन संस्कृति पर संवाद कर उनके दर्शन कर सनातन संस्कृति को प्रखर कर रहे है। पाराशर संत दर्शन यात्रा के दौरान राजस्थान चोमू सामोद के वीर हनुमान जी मंदिर के पीठाधीश्वर स्वामी अवध बिहारी जी महाराज से उनके सवाई माधोपुर आगमन पर मिलकर आशीर्वाद लिया एवं सनातन संस्कृति के विषय पर विस्तृत चर्चा की साथ ही पाराशर ने वीर हनुमान जी सामोद के पीठाधीश्वर को संत दर्शन यात्रा के उद्देश्य के बारे में विस्तृत रूप से बताया। पराशर अब तक सत्य दर्शन यात्रा के दौरान जगद्गुरू रामभद्राचार्य जी महाराज, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज वृंदावन में स्वामी प्रेमानंद जी महाराज अंतराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित देवकी नंदन ठाकुर महाराज, पंडित अनिरुदाचार्य महाराज नागेंद्र जी महाराज सहित प्रमुख संत जनों एवं कथावाचको से मिलकर आशीर्वाद ले चुके हैं। पाराशर की संत वंदन यात्रा युवाओं में सनातन की प्रति जागृति लाकर राष्ट्रवाद की भावना को भी बढ़ा रही है। संत दर्शन यात्रा से पाराशर का कद देश भर में सामाजिक स्तर पर बढ़ गया है अब उन्होंने कहा कि संत दर्शन यात्रा से अभी वह साल भर देश के ख्याति प्राप्त संत जनों से मिलकर सनातन धर्म पर पर चर्चा करेंगे।

### लंबित समस्याओं के समाधान के लिये किया विचार-विमर्श

# राज्य की 247 मण्डियां होगी लाभान्वित

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** कृषि विपणन विभाग में विभाग की निदेशक पुष्पा सत्यानी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 247 मण्डियों की लंबित समस्याओं के समाधान के लिये विचार-विमर्श किया गया। बीकानेर मण्डी में 25 साल से कार्य कर रहे संयुक्त लाईसेन्सधारी व्यापारियों को भूखण्ड आवंटन में प्राथमिकता। खेरली, श्रीमाधोपुर तथा बूंदी मण्डी की डी.एल.सी. निर्धारण; बूंदी मण्डी में डोम निर्माण; टोंक मण्डी में गोदामों की जमीन को 25 प्रतिशत डी.एल.सी. पर आवंटन; श्रीगंगानगर कच्चा आढतियां संघ को किराये पर दिये भवन को 99 वर्षीय लीज पर आवंटन; उदयपुर मण्डी में किराये पर दिये कैण्टीन भवन को 99 वर्षीय लीज पर आवंटन; बयाना मण्डी में 40 साल पूर्व जारी किये गये पट्टों का नवीनीकरण; दौसा, लालसोट, महवा, बांदीकुई, मण्डावर आदि मण्डियों के ट्रक यूनियन के कारण उपजी समस्याओं का निराकरण; अजमेर मण्डी की जली हुई दुकानों का पुनर्निर्माण; अलवर मण्डी में किराये की दुकानों का मालिकाना हक देते समय भूखण्ड पर बनायी गयी दुकान मूल्य निर्धारण तथा अलवर मण्डी की ही दुकानों के आगे टीनशेड लगाने की स्वीकृति; अनाज मण्डी मुहाना में व्यापार संघ के लिये एक हजार वर्गमीटर भूखण्ड; टोडारायसिंह मण्डी में सड़कों का निर्माण तथा ऑक्सन प्लेटफॉर्म का निर्माण; सभी मण्डियों में भागीदारों के अलग होने पर दुकान विभाजन की स्वीकृति; बिलाड़ा मण्डी में सौंफ की नीलामी के लिये टीनशेड का निर्माण तथा सौंफ को कृषि मण्डी शुल्क में छूट; नोखा मण्डी में 30 आवंटित गोदामों का नियमितिकरण; सूरजपोल मण्डी की मांग कि गुड़ एवं चीनी पर मण्डी सेस एवं कृषक कल्याण फीस समाप्त किया जायें। कॉटन उत्पादन करने वाली सभी मण्डियों की मांग है कि कॉटन पर 0.50 प्रतिशत मण्डी सेस संधारित किया जायें।

राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के चेयरमेन बाबूलाल गुप्ता ने मांग की है कि उपरोक्त सभी समस्याओं के समाधान के साथ-साथ किराये की दुकानों का मालिकाना हक में परिवर्तित करने के लिये प्रार्थना-पत्र स्वीकार करने की तारीख 30 जून 2023 को बढ़ाया जावें, को स्वीकार किया गया। तथा नियम है कि नयी दुकानों के भूखण्ड के आवंटन में राज्य का कोई भी लाईसेन्सधारी व्यापारी भाग ले सकेगा, इसे अपादस्त किया जायें, को स्वीकार किया गया। सभी कृषि जिंसों पर मण्डी सेस 1 प्रतिशत किया जायें तथा कृषक कल्याण फीस समापत किया जायें। मोटे अनाज (मिलेट्स) बाजरा, ज्वार, मक्का आदि पर आढत 2.25 प्रतिशत की जावें।

हनुमानगढ़ जिले की सभी मण्डियों की मांग है कि धान की सरकारी खरीद शीघ्र करवायी जायें। राज्य में पैदा होने वाली ईसबगोल, धनिया, जीरा आदि के लिये आवश्यक उद्योग पार्क घोषित किये जायें। बारां मण्डी में सी.सी. रोड़ का निर्माण करवाया जायें तथा ऑक्सन प्लेटफॉर्म (कवर्ड डोम) बनाये जायें।

मीटिंग में उपस्थित कृषि विपणन निदेशक पुष्पा सत्यानी ने आश्वस्त किया कि सभी मण्डियों की समस्याओं के समाधान के लिये सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जायेगा। आशा की जाती है कि अधिकतम समस्याओं का समाधान हो जायें। मीटिंग में उपरोक्त सभी मण्डियों के प्रतिनिधि तथा राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के चेयरमेन बाबूलाल गुप्ता, कृषि विपणन विभाग के संयुक्त निदेशक संजय व्यास तथा टी.आर. मीणा भी उपस्थित रहे।

### 200 विद्यार्थी क्षमता का होगा यह आवासीय विद्यालय, खर्च होंगे 15.15 करोड़ रूपए

# राजधानी में बनेगा राजकीय अल्पसंख्यक अंग्रेजी माध्यम आवासीय विद्यालय

**» जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थी अब महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम के आवासीय विद्यालय में पढ़ाई कर सकेंगे। गुणवत्तापूर्ण अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जयपुर में कक्षा 1 से 12वीं तक का आवासीय विद्यालय जल्द शुरू होगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विद्यालय के भवन निर्माण के लिए 15.15 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस वित्तीय वर्ष में 1 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जाएगी। यह राशि अल्पसंख्यक समावेशी विकास कोष से व्यय होगी। यह आवासीय विद्यालय 200 विद्यार्थी क्षमता का होगा। यहां 200 से अधिक विद्यार्थी होने पर वे डे-स्कॉलर के रूप में अध्ययन कर सकेंगे। इस विद्यालय के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदाय के जरूरतमंद एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को निःशुल्क आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। गहलोत की यह स्वीकृति अभिभावकों और बच्चों में अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा के बढ़ते रूझान व जरूरत की दृष्टि से दी गई है। यह अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक उत्थान में महत्वपूर्ण कदम है।

# गेंहू की बढ़ती कीमतों पर कंट्रोल की तैयारी

### केन्द्र सरकार ओपन मार्केट में सस्ता गेंहू बेचेगी

**» जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश में बढ़ती गेंहू की कीमतों को को कंट्रोल करने के लिए हुए केन्द्र सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी है। सरकार अब बड़े और छोटे व्यापारियों को खरीद मूल्य पर गेंहू उपलब्ध करवाएगी, ताकि ये लोग इस गेंहू का आटा बनाकर आमजन को सामान्य दर पर उपलब्ध करवा सके। सरकार टेंण्डर के जरिए ये गेंहू छोटे-बड़े व्यापारियों, फ्लोर मील संचालकों को 21.50 रुपए प्रति किलोग्राम की दर देगी।फूड कॉपरपोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई) के रीजनल जनरल मैनेजर सौरभ कुमार ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ), केन्द्र भण्डारण और नाफेड को गेंहू का उठाव करने के आदेश दिए है। ये गेंहू एफसीआई के गोदामों से उठाया जाएगा। इसके बाद ये एजेंसियां टेण्डर करके बड़ी आटा मिल संचालकों, व्यापारियों को ये गेंहू उपलब्ध करवाएगी। ये मिल संचालक और व्यापारी इस गेंहू का आटा बनाकर उसे खुले बाजार में आटा चक्कियों व अन्य मध्यम से सामान्य दर पर आमजन को बेच सकेंगे। इसका मुख्य उदेश्य बाजारों में बढ़ती गेंहू की कीमतों पर कंट्रोल करना है। आपको बता दें कि सरकार ने पहले से ही व्यापारियों पर 3 हजार टन की स्टॉक लिमिट लगा रखी है, जिसे आगे भी जारी रखने का निर्णय किया है। सामान्य व्यापारी अपने गोदाम में इससे ज्यादा गेंहू का स्टॉक नहीं रख सकता है।

**2.31 लाख मीट्रिक टन देते है अभी**

**वर्तमान** में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राजस्थान के 4.33 करोड़ लाभार्थियों के साथ केन्द्र सरकार की अन्य पोषण योजना के तहत एफसीआई हर महीने 2.31 लाख मीट्रिक टन गेंहू उपलब्ध करवाती है। अब एफसीआई गेंहू की खरीद भी बढ़ाएगी, ताकि लोगों को भारत आटा के पैकेट उपलब्ध करवाए जा सके।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर रैली आयोजित

**» जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** विश्व जनसंख्या दिवस की थीम स्लोगन आजादी के अमृत महोत्सव में हम ले ये संकल्प परिवार नियोजन को बनायेंगे खुशियों का विकल्प की अवधारणा पर रैली का शुभारंभ स्वास्थ्य भवन से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामकेश गुर्जर द्वारा प्रचार रथ एवं रेली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी गुर्जर ने बताया कि 11 से 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाडा मनाया जा रहा है। प्रत्येक स्वास्थ्य कार्यकर्ता आशा सहयोगिनी, आगनबाडी कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के दम्पतियों से सम्पर्क कर परिवार समिति रखने एवं बच्चों के बीच उचित अन्तराल रखने के प्रति जन जागरूकता पैदा की जायेगी। साथ ही दम्पतियों को सम्पर्क कर नसबन्दी के इच्छुक दम्पतियों को प्रेरित कर सम्बन्धित क्षेत्र में होने वाले नियत नसबंदी दिवस की दिनांक बताकर नसबन्दी करवाने हेतु प्रेरित किया जायेगा। पखवाड़े में कॉपर-टी, ओरल पिल्स, निरोध, अन्तरा एवं छाया आदि का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।

# 1 करोड़ 34 लाख की लागत के विकास कार्यों का उद्घाटन

**» जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान धरोहर प्राधिकरण बोर्ड अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाड़ावत ने विधानसभा क्षेत्र के चतरपुरा में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। जाड़ावत ने सर्वप्रथम 1 करोड़ की लागत से निर्मित मुख्य सड़क से चतरपुरा रोड का उद्घाटन किया। राप्राबि को उप्राबि में क्रमोन्नत किए जाने के बाद विद्यालय का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों की मांग पर स्वीकृत किए गए 34 लाख की लागत से 3 कक्षा कक्ष मय बरामदा का उद्घाटन किया। नवीन अतिरिक्त कक्षा कक्ष की मांग पर संज्ञान लेते निर्माण शुरू करवाया था। कार्यक्रम समारोह को संबोधित करते हुए जाड़ावत ने कहा कि बजट में चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र को ऐतिहासिक विकास कार्यों की सौगात मिली है। उनकी पहली प्राथमिकता सभी बजट घोषणाओं का धरातलीकरण करना रहेगी। शेष घोषणाओं को लेकर भी लगातार शिलान्यास और भूमि-पूजन कार्यक्रम किए जा रहे है। इस अवसर पर विक्रम जाट, आजाद पालीवाल, राजदीप सिंह राणावत, दिनेश सोनी, गिरधारी खटीक, चांदी बाई खटीक, प्रेमचंद जटिया, लक्ष्मण सिंह, देवीलाल गुर्जर, महिपाल सिंह, गणपत गुर्जर, भंवर अहीर, नरपत सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।



# अंबेडकर सेवा समिति सांचौर के तत्वाधान में किया पौधारोपण

**» जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**साँचोर।** अम्बेडकर सेवा समिति सांचौर द्वारा कस्बे की राउप्रा विद्यालय रेबरियो की ढाणी भेड़ा नाड़ी सरनाऊ परिसर में पौधरोपण किया गया। अंबेडकर सेवा समिति समिति अध्यक्ष डॉ सुरेश सागर ने बताया कि समिति द्वारा हर प्रतिदिन पौधरोपण किया जाता है। साथ ही बताया कि देखरेख समिति सदस्य तथा पड़ोसियों द्वारा की जाती है। वहीं विद्यालय परिसर में करीबन 50 पौधें लगाए गए। पौधरोपण के दौरान उपस्थित सीबीईओ भंवरलाल बिश्नोई ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण तथा बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग के दौर में अधिकाधिक पौधरोपण की महत्ती जरूरत है। इसी दौरान स्थानीय विद्यालय के संस्थाप्रधान मनोहरलाल बिश्नोई ने अम्बेडकर सेवा समिति का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सांचौर/ चितलवाना अंबेडकर सेवा समिति पूर्व अध्यक्ष नेमीचंद खोरवाल, अध्यापक मोहनलाल बिश्नोई, सांवलाराम जयपाल, अशोक गुलसर, केवलाराम परमार, महेन्द्र गुलसर, माधाराम देवासी, योगेश गुलसर, अरविन्द गुलसर सहित कई जन उपस्थित रहे।

## शिव पुराण सुनने से मिलती है भगवान शंकर की विशेष कृपा-संत दिग्विजय

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** रामद्वारा में चल रहे चातुर्मास सत्संग अंतर्गत शिव महापुराण की कथा के संबंध में संत दिग्विजय राम ने बताया कि श्रावण के महिने में भगवान शंकर की सेवा पूजा करने का मिलता है विशेष लाभ शिव पुराण सुनने पर भगवान शिव की विशेष कृपा होती है। शिवपुराण के प्रारंभ ग्रंथ में शिवपुराण के महत्व का वर्णन किया गया जिसमें बताया गया कि पापी से पापी व्यक्ति भी अगर शिव जी की उपासना करें तो उसका उद्धार हो सकता है। शिव पुराण कथा महात्म्य के अंतर्गत यह बताया गया है कि इसी संदर्भ में कथा प्राप्त होती है कि देवराज बिन्दुक और चंचुला का शिव पुराण सुनकर उद्धार हो गया। पद्म पुराण से लिए गए शिवपुराण महातम में भगवान शिव की भक्ति करने का विशेष महत्व बताया गया है। साथ ही आपने यह भी बताया कि राम और शिव एक दूसरे के प्रिय है इसलिए संतो ने अपनी वाणी में लिखा है शिवजी निशदिन राम उचारे राम बिना दूजो नहीं धारे।